


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 263 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, रविवार 10 जुलाई 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-

## खास खबर



### चेतावनी की अनदेखी: एनीकट पार करते समय पांच दोस्त फिसलकर गिरे, गोताखोरों ने चार को सुरक्षित निकाला, एक लापता

**दुर्ग।** शिवनाथ नदी दुर्ग में रविवार सुबह बड़ा हादसा हो गया है। यहां पर एनिकट पार कर रहे पांच दोस्त महमरा एनिकट पार कर दूसरी ओर जा रहे थे। इस दौरान सभी फिसल कर गिर गए। मौके पर गोताखोरों ने चार बालकों को तो निकाल दिया लेकिन एक बालक का कुछ पता नहीं चला है। गोताखोर बालक की तलाश कर रहे हैं। घटना के बाद शिवनाथ नदी के महमरा एनिकट के पास भारी भीड़ जमा हो गई है।

मिली जानकारी के अनुसार पंचशील नगर का तुषार साहू अपने दोस्तों के साथ शिवनाथ नदी घूमने पहुंचा था। लगातार बारिश और जलाशयों से पानी छोड़े जाने के कारण शिवनाथ का जलस्तर बढ़ा हुआ है। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से चेतावनी व सुरक्षानात्मक सूचना लगे होने के बावजूद लोग नदी पार कर रहें है। ऐसे में बड़ी दुर्घटना को आमंत्रण दे रहें है। एनिकट से लगभग डेढ़ से दो फीट ऊपर से पानी बह रहा है। पांचों दोस्त एनिकट पार करने का प्रयास करने लगा। इस दौरान सभी फिसल गए और नदी में गिर गए। इसके बाद यहां चीख पुकार मच गई।

मौके पर तैनात गोताखोरो ने चार लड़कों को सुरक्षित निकाल लिया लेकिन एक बालक तुषार साहू अभी भी लापता है। मौके पर गोताखोरों के साथ ही एनडीआरएफकी टीम भी पहुंच गई है। घटना आज सुबह लगभग 10 बजे की बताई जा रही है। घटना की सूचना के बाद बच्चों के परिजन भी मौके पर हैं और डूबे बालकी की तलाश की जा रही है। बारिश के कारण जलस्तर बढ़ा होने से बच्चे की तलाश मुश्किल हो रही है।

# उत्साह के साथ मना ईद, नमाज अदा कर मांगी अमन चैन की दुआ

### मस्जिद और ईदगाहों पर देखते बनी रौनक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** इस्पात नगरी भिलाई सहित आसपास के इलाके में आज बकरीद यानि कि ईद उल अजहा का त्योहार उत्साह पूर्वक मनाया गया। शहर के मस्जिद व ईदगाहों में रौनक देखीं गई। मुस्लिम समाज के लोगों ने विशेष नमाज अदा कर देश और प्रदेश के साथ अपने शहर में अमन चैन की दुआ मांगी।

मुस्लिम समाज ने आज ईद उल अजहा का त्योहार मनाया। इसकी तैयारी शनिवार से ही शुरू कर दी गई थी। इस अवसर पर होने वाले विशेष नमाज के लिए ईदगाह व मस्जिदों में एक दिन पहले ही तैयारी करने के बाद विशेष नमाज के समय से समाज को अवगत करा दिया गया था। भिलाई के सेक्टर-6 जामा मस्जिद में इस बार ईदगाह पर विशेष नमाज अदा की गई। इसमें बड़ी संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने हिस्सा लिया। इमाम इकबाल अंजुम अशरफी ने नमाज अदा कराई। नमाज के बाद लोगों ने एक दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी।




फरीद नगर ईदगाह में भी बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों ने विशेष नमाज में हिस्सा लिया। नमाज के बाद मुस्लिम समाज के लोगों ने एक-दूसरे से गले मिलकर मुबारकबाद दी। भिलाई दुर्ग के अन्य सभी मस्जिदों में ईद उल अजहा की नमाज अदा की गई। फिर घर जाकर कुर्बानी की रस्म निभाते हुए त्योहार मनाया गया। मर्कजी मस्जिद पावर हाउस कैम्प-2 में कासिम बस्तवी ने बकरीद की विशेष नमाज अता कराई। इस दौरान सचिव सैय्यद असलम ने सभी को मुबारकबाद दी। भिलाई-3 चरोदा और कुम्हारी में भी ईद उल अजहा का पर्व धार्मिक सद्भाव के साथ मनाया गया।

### एहतियात के तौर पर तैनात रही पुलिस

बकरीद के चलते कहीं पर भी अप्रिय स्थिति निर्मित न हो, इसके लिए पुलिस जवानों की तैनाती सुनिश्चित रखी गई थी। सभी मस्जिद और इंदगाह के बाहर संबंधित थाना के अधिकारी व जवान सजग रहे। इसके अलावा चिन्हित संवेदनशील मोहल्ले के चौक चौराहों पर भी पुलिस के जवानों को तैनात रखा गया। एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव के निर्देश पर एएसपी शहर संजय ध्रुव के नेतृत्व में शहर के चारों सीएसपी अपने अपने क्षेत्र में बकरीद की नमाज के दौरान अधिनस्थों से पल-पल की खबर लेते रहे।

### कोरोना ने बढ़ाई चिंता

# सक्रिय मरीजों की संख्या 1.28 लाख के पार, 42 लोगों की मौत



**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के सक्रिय मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी ने एक बार फिर से लोगों की चिंता बढ़ा दी है। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी रविवार(10 जुलाई) के आंकड़ों के अनुसार देश में सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर 1,28,690 हो गई है जो कि कल की तुलना में तीन हजार अधिक है। वहीं बीते 24 घंटों में कोरोना के 18,257 नए मामले सामने आए हैं और इस दौरान 42 मरीजों की जान चली गई। महामारी की शुरुआत से लेकर अब तक कुल 52,5,428 लोगों की मौत हुई है।

दिल्ली में कोरोना के मामले

दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटों में कुल 544 नए मामले सामने आए हैं और दो मरीजों की मौत हो गई। दिल्ली के स्वास्थ्य विभाग के अनुसार लगातार तीसरे दिन दिल्ली में 500 से 600 के बीच संक्रमण के मामले आए हैं। वहीं दिल्ली में 2264 सक्रिय मरीज हैं। इनमें से 1595 मरीज घर पर आइसोलेशन में हैं। शहर में फिलहाल 316 निषिद्ध क्षेत्र हैं। दिल्ली में ओमीक्रोन के ज्यादा संक्रामक उप स्वरूप बीए-4 और बीए.5 के मामले आए हैं लेकिन विशेषज्ञों ने कहा है कि घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि उपस्वरूप के चलते गंभीर संक्रमण नहीं हो रहा।

### महाराष्ट्र में बीते 24 घंटों में 2760 मामले

महाराष्ट्र में बीते 24 घंटों में कोरोना के 2760 मामले सामने आए और पांच लोगों की मौत हो गई। राज्य में संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 80,01,433 और मृतकों की संख्या बढ़कर 1,47,976 पर पहुंच गई है। स्वास्थ्य विभाग के मुताबिक राज्य में 78,34,785 लोग संक्रमण मुक्त हो चुके हैं। महाराष्ट्र में वर्तमान में 18,672 उपचाराधीन मरीज हैं।

### बंगाल में कोरोना संकट

पश्चिम बंगाल में कोरोना के मामलों में तेजी से बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। बीते 24 घंटों में कोरोना के 2,968 मामले सामने आए हैं। स्वास्थ्य विभाग ने कहा कि नौ जिलों में प्रत्येक में 100 से अधिक मामले संक्रमण के हैं। राज्य में संक्रमितों की संख्या 20,48,749 हो गई, जबकि तीन और मौतों ने मरने वालों की संख्या को 21,239 तक पहुंचा दिया। उत्तर 24 परगना जिले में 743 नए मामले दर्ज किए गए, इसके बाद कोलकाता (742) का स्थान रहा। हुगली में 143 ताजा संक्रमण पाए गए।

# छत्तीसगढ़ में भारी बारिश की चेतावनी, मौसम विभाग ने जारी किया रेड और ऑरेंज अलर्ट, बिजली गिरने की भी संभावना

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में मॉनसून एक बार फिर सक्रिय हुआ है। निम्न दाब का क्षेत्र बनने से प्रदेश के कई जिलों में बारिश होगी। कुछ जगहों पर आकाशीय बिजली (गाज) भी गिर सकती है। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे के लिए प्रदेश के 5 जिलों में रेड अलर्ट, 4 जिलों में ऑरेंज अलर्ट और 2 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। द्रोणिका के प्रभाव से मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार भारी बारिश का क्षेत्र मुख्यत: दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। शनिवार को कोरबा में अधिकतम तापमान 35 डिग्री दर्ज किया गया।

मौसम विज्ञानी एचपी चंद्रा के मुताबिक मॉनसून द्रोणिका अनूपपुर, सीकर, ग्वालियर, सतना, पेंड्रा रोड, निम्न दाब का



केंद्र और उसके बाद दक्षिण पूर्व की ओर पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। एक निम्न दाब का क्षेत्र ओडिशा और उसके आसपास स्थित है। इसके साथ ही ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। प्रदेश में 10 जुलाई को अधिकांश स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज चमक के साथ भारी बारिश होने के आसार हैं।

### दक्षिण छत्तीसगढ़ में भारी बारिश का अलर्ट

मौसम विभाग के अनुसार भारी बारिश का क्षेत्र मुख्यत: दक्षिण छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है। मौसम विभाग द्वारा आगामी 24 घंटों के लिए बस्तर संभाग के बीजापुर, बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा, नारायणपुर जिलों के लिए रेल अलर्ट जारी किया गया है। बालोद, कांकेर, कोंडागांव और गरियाबंद जिले के लिए ऑरेंज अलर्ट और राजनांदगांव व धमतरी जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। दक्षिणी जिलों यानी बस्तर संभाग में भारी बारिश होने तथा दक्षिण छोर में भारी से अति भारी बारिश होने की संभावना है। राहत आयुक्त ने प्रदेश के लोगों को मौसमी घटनाओं से अपडेट रहने और सतर्कता बरतने को कहा गया है।

# अमरनाथ हादसा: छत्तीसगढ़ शासन ने जारी किया हेल्पलाइन नंबर, सीएम भूपेश बोले- हरसंभव मदद पहुंचाओ

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** अमरनाथ यात्रा में फंसे छत्तीसगढ़ के लोगों की सुरक्षित वापसी के लिए प्रदेश सरकार ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। सीएम भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ शासन ने प्रदेश के तीर्थ यात्रियों के लिए 2 हेल्पलाइन नंबर जारी किए है। नई दिल्ली स्थित छत्तीसगढ़ सदन के रेजिडेंट कमिश्नर गणेश मिश्रा का मोबाइल नंबर +9199970-60999 तथा छत्तीसगढ़ सदन का हेल्पलाइन नंबर 01146156000 पर आपदा में फंसे तीर्थ यात्री या उनके परिजन संपर्क कर सकते हैं।

सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि आपदा में फंसे छत्तीसगढ़ के तीर्थ यात्रियों को हर संभव सहायता पहुंचाई जाएगी। छत्तीसगढ़ के तीर्थ यात्री या उनके परिजन इन हेल्पलाइन नंबरों पर संपर्क कर सूचना दे सकते हैं। बता दें कि छत्तीसगढ़ से हर साल हजारों श्रद्धालु अमरनाथ धाम की यात्रा पर जाते हैं। इस बार भी कई तीर्थ यात्री वहां गए हैं। अमरनाथ यात्रा में गए श्रद्धालु आपदा के बाद फंसे होंगे। ऐसे में उन तक मदद पहुंचाने हेल्पलाइन नंबर जारी किया गया है।

### 15 लोगों की मौत, 40 तीर्थ यात्री लापता

बता दें कि जम्मू-कश्मीर में अमरनाथ की पवित्र गुफा के पास बादल फटने से आई बाढ़ ने भारी तबाही मचाई है। इस हादसे में 15 श्रद्धालुओं के मौत होने की पुष्टि हुई है। चिंता की बात यह है कि आपदा में करीब 40 तीर्थ यात्रियों के लापता होने की सूचना है। सीएम भूपेश बघेल ने पवित्र अमरनाथ गुफा में आपदा के बाद फंसे तीर्थ यात्रियों की कुशलता की कामना की है।

# संकट में श्रीलंका: राष्ट्रपति गोतबाया के घर में मिले करोड़ों रुपये, प्रदर्शनकारियों ने सेना को किया सुपुर्द

**कोलंबो (एजेंसी)।** श्रीलंका में प्रदर्शनकारियों का प्रदर्शन उग्र होता जा रहा है। सभी प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति भवन को अपने कब्जे में ले लिया है। इन सभी का कहना है कि बदलाव के जिस वक्त का हम इंतजार कर रहे थे, वो आ गया है। वहीं इन सब के बीच राष्ट्रपति ने 13 जुलाई को इस्तीफा देने का एलान कर दिया है। इतना ही नहीं बढ़ती हिंसा को देखते हुए प्रधानमंत्री रानिल विक्रमसिंघे ने पहले ही इस्तीफा दे दिया।

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, रविवार को श्रीलंका में सरकार विरोधी प्रदर्शनकारियों ने राष्ट्रपति गोतबया राजपक्षे के आधिकारिक आवास पर धावा बोलकर उनकी हवेली के अंदर करोड़ों रुपये बरामद करने का दावा किया है।



सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया जा रहा है जिसमें प्रदर्शनकारियों को बरामद किए गए नोटों की गिनती करते हुए दिखाया गया है। डेली मिरर अखबार ने बताया कि बरामद धन को सुरक्षा इकाइयों को सौंप दिया गया था। दैनिक की रिपोर्ट के अनुसार, अधिकारियों ने सूचित किया है कि वे प्रासंगिक तथ्यों की जांच के बाद जमीनी स्थिति की घोषणा करने के लिए कदम उठाएंगे।

### श्रीलंका के सेना प्रमुख ने लोगों से की ये अपील

श्रीलंका के सेना प्रमुख जनरल शैवेंद्र सिल्वा ने रविवार को कहा कि मौजूदा राजनीतिक संकट को शांतिपूर्ण तरीके से हल करना चाहिए। उन्होंने लोगों से मुद्दे को एकजुट होकर हल करने की मांग की है।

### अमेरिका ने श्रीलंका के नेताओं से की अपील

अमेरिका ने श्रीलंका के नेताओं से आर्थिक स्थिरता हासिल करने के लिए जल्दी से कोई बड़ा कदम उठाने के लिए कहा है। विदेश विभाग के एक प्रवक्ता ने कहा कि किसी भी नई सरकार को उन समाधानों की पहचान करने और उन्हें लागू करने के लिए तेजी से काम करना चाहिए जो दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता प्राप्त करेंगे और श्रीलंका के लोगों के असंतोष को दूर करेंगे।




# राजनीति के दलदल में सभी भांड और आइटम गर्ल



दीपक रंजन दास




भाजपा के एक पूर्व मंत्री ने कांग्रेस के मौजूदा मंत्री को 'आइटम गर्ल' कह दिया। ऐसे नेताओं से इससे ज्यादा की उम्मीद भी नहीं की जानी चाहिए। इनकी कुल जमा राजनीतिक विरासत ही बतौला-बाजी है। पिछले दस सालों से यह पार्टी कुछ मरे हुए और कुछ जिन्दा लोगों पर लांछन लगाकर सत्ता सुख भोग रही है। पंद्रह साल छत्तीसगढ़ पर राज करने के बाद जनता ने इन्हें ऐसी पटखनी दी की छठी का दूध याद आ गया। अब खिसियानी बिल्ली खंभा नोच रही है। जीवन की तरह राजनीति भी एक रंगमंच है। यहां लोग अलग-अलग किरदारों को जीते हैं। कोई अमिताभ बच्चन बन जाता है तो कई अमरीश पुरी। हकीकत से इसका कोई लेना देना नहीं होता। भाजपा के पूर्व मंत्री की छवि एक पढ़े लिखे समझदार व्यक्ति की बना दी गई, तो जनता ने मान लिया। पर इस छवि के नीचे एक बेहद घटिया सोच का इंसान छिपा है, इसका पता तब चला जब उनके मुंह से ओछी बात निकल गई। एक तरफउनकी पार्टी बाम्हन-बनिया के अपने इमेज को तोड़ने की जी-तोड़ कोशिश कर रही है। कभी वह पिछड़ा वर्ग के आदमी को प्रधानमंत्री बना देती है तो कभी दलित को राष्ट्रपति पद का उम्मीदवार बनाती है। नेता जी और कुछ नहीं तो अपनी पार्टी की इस कोशिश का ही मान रख लेते। उन्होंने एक सीधे-सरल आदिवासी को आइटम गर्ल कह दिया। यह नेता आदिवासी समुदाय से आता है। उसे अपनी लोकपरंपराओं पर शर्म नहीं आती। वह जैसा है, वैसा ही दिखाई देता है। वह शादी की पार्टी में जाकर नाचता-गाता है। आदिवासी अपने कठिन जीवन से खुशियों के पल चुराने के लिए ऐसा ही करते हैं। उन्हें नहीं पता होता कि कल की सुबह उनके जीवन में आएगी या नहीं। दिन भर पेट भरने की जद्दोजहद के बाद वे नाच-गाकर खुशियां मनाते हैं और फिर नींद के आगोश में समा जाते हैं। सुबह आंख खुली तो एक और दिन और नहीं खुली तो कोई बात ही नहीं। जितनी जिन्दगी लिखी थी, हंसते गाते गुजार दी। इस संस्कृति को समझने के लिए इंसान का संवेदनशील होना जरूरी है। यह पार्टी और उसके जमूरे एक और बात भूल रहे हैं। भारत अब वह सनातन भारत नहीं रहा। मदारियों और जमूरों के दिन लदने लगे हैं। लोग भीड़ लगाकर इनका खेला तो देखते हैं पर फैसला अपने विवेक से करते हैं। इनसे न तो वो गंडा-ताबीज खरीदते हैं और न ही सांडे का तेल। सांप-संपेरों के साथ वे सेल्फी लेते हैं पर झांपी में सिक्का डालना भूल जाते हैं। प्रवचन करने वाले बाबाजी भी अब सोशल मीडिया पर रील्स बनाने के लिए मजबूर हो गए हैं। बिना स्पांसर के उनकी बड़ी-बड़ी बातें भी अब कोई नहीं सुनता। नेता जी आदिवासियों की बातों को सीरियसली नहीं लेते, तो फिर आदिवासी राष्ट्रपति का ढोंग क्यों? पार्टी को बताना चाहिए।

### मरीन ड्राइव तालाब में आत्महत्या, प्रेमी की मौत से दुखी युवती ने दे दी जान

**रायपुर।** प्रेमी की मौत से दुखी एक प्रेमिका ने मरीन ड्राइव तालाब में कूदकर आत्महत्या कर ली है। मृतिका गांधी नगर की रहने वाली थी। घटना की सूचना मिलने के बाद मृतिका के परिजन मौके पर पहुंचे हुये है, जिनसे पुलिस पूछताछ कर रही है। जानकारी के मुताबिक घटना आज सुबह की बताई जा रही है। शंकर नगर के गांधी नगर निवासी युवती तालाब में कुद गई। युवती को तालाब में कूदते लोगों ने देखा, जिसके बाद इसकी सूचना तेलीबांधा थाना पुलिस को दी। पुलिस और गोताखोरों की टीम मौके पर पहुंचकर युवती को गहरे पानी से बाहर निकाला गया और उसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। यहां पर उपचार के दौरान डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।



## संपादकीय

# श्रीलंका की दयनीय हालत

श्रीलंका की मदद करने से अंतरराष्ट्रीय समुदाय हिचक रहा है। इस बीच आर्थिक संकट गहराता चला गया है। तो अब श्रीलंका सरकार अपने सम्मान और सुरक्षा पर समझौते कर रही है।

श्रीलंका की हालत अब दयनीय दिखने लगी है। वह एक ऐसे देश के रूप में नजर आ रहा है, जिसकी मदद करने को कोई तैयार नहीं है। इस मामले में अपवाद सिर्फ भारत और चीन रहे हैं। चूंकि बाकी दुनिया ने उससे मुंह मोड़ लिया है, तो श्रीलंका सरकार को अब ऐसे कदम उठाने पड़ रहे हैं, जिन्हें पहले वह अपनी जनता की सुरक्षा और देश की स्वतंत्र विदेश नीति के खिलाफ समझती थी। इन फैसलों पर गौर कीजिए: गोटबया राजपक्षे सरकार ने पिछले दिनों श्रीलंकाई महिलाओं के विदेश जाकर काम करने के मामलों में पारिवारिक पृष्ठभूमि की जांच की शर्त हटा ली। जबकि यह जांच इसलिए की जाती थी कि ताकि महिलाए विदेश जाकर शोषण का शिकार ना हों। उसके बाद खबर आई कि श्रीलंका अमेरिकी संस्था मिलेनियम चैलेंज कॉरपोरेशन से मदद लेने को तैयार हो गया है, जबकि पहले वह इसे ठुकरा चुकी थी। तब श्रीलंका सरकार ने कहा था कि मदद की ये पेशकश असल में श्रीलंका को अमेरिका की इंडो-पैसिफिक में घसीटने की कोशिश है। अब उसने कतर की एक संस्था से मदद स्वीकार कर लेने का भी फैसला किया है।

> बीते हफ्ते खबर आई कि जापान ने अब उसे मदद ना देने का फैसला किया है। कोलंबो स्थित जापानी राजदूत मिजुकोशी हिदेयेकी ने इस बारे में श्रीलंका सरकार को औपचारिक सूचना दी। उन्होंने कहा कि श्रीलंका में मौजूदा 'कुप्रबंधन' को देखते हुए उसे मदद देना जोखिम भरा हो गया है। इसलिए जापान अभी कोई मदद नहीं देगा। इस बीच आर्थिक संकट गहराता चला गया है। तो अब श्रीलंका सरकार अपने सम्मान और सुरक्षा पर समझौते कर रही है।

कुछ ही समय पहले श्रीलंका सरकार ने इस संस्था के खातों को जाम कर दिया था। तब उस पर श्रीलंका में इस्लामी आतंकवाद को बढ़ावा देने का इल्जाम लगाया गया था। आरोप है कि 2019 में हुए ईस्टर बम धमाकों के मास्टरमाइंड जहरान हाशिम को कतर की इस संस्था से मदद मिली थी। इस संस्था का नाम पर्ल ऑफ यूनिटी है। दरअसल, श्रीलंका सरकार ने ईंधन की सहायता पाने के लिए पश्चिम एशिया के कई देशों से संपर्क किया है। लेकिन इस कोशिश में उन्हें ज्यादा सफलता नहीं मिली। बीते हफ्ते खबर आई कि जापान ने अब उसे मदद ना देने का फैसला किया है। कोलंबो स्थित जापानी राजदूत मिजुकोशी हिदेयेकी ने इस बारे में श्रीलंका सरकार को औपचारिक सूचना दी। उन्होंने कहा कि श्रीलंका में मौजूदा 'कुप्रबंधन' को देखते हुए उसे मदद देना जोखिम भरा हो गया है। इसलिए जापान अभी कोई मदद नहीं देगा। इस बीच आर्थिक संकट गहराता चला गया है। तो अब श्रीलंका सरकार अपने सम्मान और सुरक्षा पर समझौते कर रही है।

## वैकल्पिक व्यवस्था कहां है?

भारतीय जनता पार्टी लंबे समय तक यथास्थितिवादी पार्टी मानी थी लेकिन अब वह वैचारिक स्तर पर अपने यथास्थितिवाद के बावजूद एक डिसरप्टिव फोर्स के तौर पर उभर रही है। वह राजनीति के मौजूदा ढांचे को बदल रही है। भारत में जिस राजनीतिक ढर्रे को सहज रूप से स्वीकार किया गया था उसे वह बदल रही है या बदलने का प्रयास कर रही है। दशकों से जो पार्टियां लोगों के दिल-दिमाग में बैठी हैं उनको खत्म कर रही है और उनकी जगह नई व्यवस्था बनाने की कोशिश कर रही है। पर इसके बड़े खतरे हैं। यह शेर की सवारी की तरह है। अगर गिरे तो खतरा है कि शेर खा जाएगा। ऐसा नहीं है कि देश में जो स्वीकार्य राजनीतिक ढांचा है वह बहुत अच्छा है इसलिए उसमें बदलाव नहीं होना चाहिए। उसमें कई चीजें खराब हैं लेकिन उन्हें बदलने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था बनानी होगी।

भाजपा ने भाषा का विवाद शुरू किया लेकिन यह बिना किसी तैयारी के किया गया। एक तो आर्थिक कारणों से, जीएसटी की वजह से, 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों की वजह से और कई अन्य कारणों से दक्षिण भारत के देश अपने को अलग-थलग महसूस कर रहे थे। वे अपना एक संघ बना रहे थे और उनके वित्त मंत्रियों की बैठकें हो रही थीं। ऐसे में भाषा का विवाद शुरू हो गया। अगर इस मामले में बहुत सोच-समझ कर कदम नहीं उठाया गया तो आने वाले दिनों में भारत की एकत और अखंडता के लिए बड़ी चुनौती पैदा होगी। इसी तरह हिंदू-मुस्लिम की जो ऐतिहासिक ग्रंथि है वह एक न एक दिन फूटने वाली थी और तब देश में आंतरिक संघर्ष होता लेकिन ऐसा लग रहा है कि भाजपा हिंदू वोटों की राजनीति में उस प्रक्रिया को फास्ट फॉरवर्ड कर रही है। जो काम दो-चार दशक बाद होता उसके लिए पहले ही आधार तैयार किया जा रहा है। लेकिन वह भी बिना तैयारी के है। उसमें भी भाजपा के पास कोई वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है कि वह कैसे हालात को संभालेगी। भाजपा के नेता जिस कट्टरपंथी राजनीति को आगे बढ़ा रहे हैं उसके भड़कने पर सुरक्षा या उसे संभालने की क्या व्यवस्था है, वह किसी को पता नहीं है। ऐसा लग रहा है कि बिना किसी तैयारी के भाजपा देश और समाज को संकट में डाल रही है।

भारतीय जनता पार्टी के नेता इस बात का जश्न मना रहे हैं कि पंजाब में शिरोमणि अकाली दल बहुत कमजोर हो गई है। हाल में संगरूर लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव के नतीजों पर भाजपा के नेता इस बात की खुशी मना रहे हैं कि उनके उम्मीदवार को अकाली दल से ज्यादा वोट मिले। भाजपा का उम्मीदवार चौथे स्थान पर रहा, जबकि अकाली दल का उम्मीदवार पांचवे स्थान पर रहा। भाजपा के लिए भले यह जश्न की बात हो लेकिन देश के लिए चिंता की बात यह है कि अकाली दल के कमजोर होने के साथ ही कट्टरपंथी संगठन मजबूत हो गए हैं और संगरूर सीट पर अकाली दल अमृतसर के नेता सिमरनजीत सिंह मान जीत गए, जिन्होंने जीतने के बाद कहा कि यह संत जनरैल सिंह भिंडरावाले की शिक्षा का नतीजा है। उन्होंने अपना चुनाव ही गुरु ग्रंथ साहिब के बेअदबी के मुद्दे पर लड़ा था। सोचें, एक तरफ ग्रंथ साहिब की बेअदबी को मुद्दा बना कर सिख कट्टरपंथी नेता जीत रहा है तो दूसरी ओर पैगंबर की बेअदबी का मुद्दा बना कर मुस्लिम कट्टरपंथी किसी का गला काट रहे हैं। बिना सोचे-समझे और बिना वैकल्पिक व्यवस्था बनाए मौजूदा राजनीतिक व्यवस्था का ढांचा नष्ट करने का प्रयास देश के लिए बहुत घातक हो सकता है।

**हरिशंकर व्यास**

> **"** यही वजह है कि दूसरे महायुद्ध के बाद जिन उच्चतम लोकतांत्रिक आदर्शों ने जोर पकड़ा था, वे ऐसी हरकतों से शिथिल होने लगे हैं। राजनेताओं के साथ पत्रकार और न्याय क्षेत्र से जुड़े लोग भी इस दौरान विचलन का शिकार बनते रहे हैं। किसी सयाने ने कहा था कि अगर कोई थप्पड़ मारे, तो उस पर नाराज होने के बजाय अपनी कमजोरियों पर गौर करो। न्यायमूर्तियों की न्यायकर्ता जानें, पर क्या हम पत्रकार ऐसा कर रहे हैं?

# घृणा और प्रतिशोध का नया दौर

शशि शेखर


जापान के पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की चुनावी रैली के दौरान हत्या स्तब्ध करती है। वह हंसमुख और मिलनसार राजनेता थे। उन पर भला ऐसा हमला क्यों हुआ? हमलावर तेत्सुआ यामागामी कभी नौसेना में हुआ करता था। उसमें इतनी नफरत क्यों और कहां से आई? जापान 'गन-कल्चर' से खुद को दूर रखता आया है। उसकी धरती पर रचा गया यह कांड गहरी साजिश के साथ घृणा के उस सैलाब की ओर इशारा करता है, जिसने संसार भर में समाज और सरकारों के बीच जानलेवा अलगाव पैदा कर दिया है।

हमारा देश भी इससे अछूता नहीं है और यहीं के उदाहरण से चर्चा शुरू करता हूं। पिछले हफ्ते गाजियाबाद की एक रिहायशी सोसायटी में अलस्सुबह छत्तीसगढ़ पुलिस के जवान एक प्रख्यात चैनल के एंकर को गिरफ्तार करने पहुंचे। वे अपने काम को अंजाम दे पाते, इससे पहले संबंधित थाने की पुलिस वहां पहुंचकर उनसे सवाल-जवाब करने लगती है। देखते-देखते हाथापाई की नौबत आ जाती है। धक्का-मुक्की का यह दौर जारी था कि नाटकीय अंदाज में गौतमबुद्धनगर पुलिस की एंट्री होती है। वह उस एंकर को अपने साथ ले जाती है। गजब यह कि अखबारों में छपा, नोएडा पुलिस ने पत्रकार के यहां दबिश की रवानगी बिना प्रथम सूचना दर्ज किए कर डाली थी।

इसके बाद नोएडा के सेक्टर 20 थाने में दिन भर 'टेक्निकल' वाद-विवाद चलता है। छत्तीसगढ़ के पुलिसकर्मियों के पास गिरफ्तारी वारंट था, जबकि गौतमबुद्धनगर पुलिसकर्मियों का कहना था कि हमारे पास जी न्यूज प्रबंधन द्वारा लिखाई गई शिकायत है, जिसमें हम संबंधित 'एंकर' को संदिग्ध मान रहे हैं। बाद में उस एंकर को गिरफ्तार कर थाने से ही जमानत पर रिहा कर दिया गया, पर वह छत्तीसगढ़ पुलिस के हाथ आने के बजाय गुम हो जाता है। उसके अधिकारी रायपुर की अदालत में इस एंकर को फरार बताते हुए कुर्की वारंट जारी करने की गुहार लगा देते हैं। वे गाजियाबाद के वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों से भी उनके कर्मचारियों की औपचारिक शिकायत दर्ज कराते हैं। चूहे-बिल्ली का यह खेल अगले तीन दिन तक जारी रहता है। शुक्रवार की दोपहर आला अदालत ने रोहित रंजन की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी और रायपुर से आए दस्ते को हाथ मलते हुए लौटना पड़ा।

एंकर पर आरोप है कि उसने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के एक बयान को गलत संदर्भ में पेश किया। हालांकि, चैनल ने अगले दिन खुद को घिरता देख माफी मांग ली थी, पर मामला ठंडा नहीं हुआ। इस समूचे प्रकरण ने उन प्रश्नों को पुनः धार दे दी है, जो कई सालों से रह-रहकर उभरते आए हैं। क्या पुलिस भी अब तेरी-मेरी हो गई है? कानून का अनुपालन क्या अब सत्तारूढ़ पार्टी के हक-हुकूकों के तहत किया जाएगा?

इन सवालों पर चर्चा इसलिए जरूरी है, क्योंकि इस कार्यशैली से संविधान की सुरक्षा और उसके प्रति लोगों की निष्ठा खतरे में पड़ रही है। आपको याद होगा। कुछ हफ्ते पहले इसी तरह का तमाशा दिल्ली में दिखा था, जब पंजाब और दिल्ली की पुलिस भारतीय जनता युवा मोर्चा के एक पदाधिकारी की गिरफ्तारी



को लेकर आमने-सामने थी। बाद में पंजाब पुलिस को हरियाणा में रोक लिया गया और उन्हें 'तकनीकी आधार' पर उस नेता को रिहा करना पड़ा। मामला अदालत के विचाराधीन है और नेता जी दिल्ली में स्वतंत्र घूम रहे हैं। मैं चाहूं, तो ऐसी तमाम घटनाओं की याद दिला सकता हूं, जब राजनीतिक कारणों से एक राज्य के पुलिसकर्मी दूसरे राज्य के वर्दीधारियों से टकरा गए या खुल्लम-खुल्ला केंद्रीय एजेंसियों के सामने जा खड़े हुए।

क्या इससे भारत के संघीय ढांचे को खतरा नहीं पैदा हो रहा?

यह मुद्दा तब और गंभीर हो जाता है, जब हम पत्रकारिता के साथ न्यायपालिका पर हो रहे हमलों को तेज से तेजतर होता पाते हैं। पूर्व भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा पर एक न्यायमूर्ति द्वारा की गई कठोर टिप्पणी को लेकर तरह-तरह की बातें सोशल मीडिया पर तूफान मचाए हुए हैं। न्यायपालिका के खिलाफ पहले भी बोला और लिखा जाता रहा है, पर वह असहमति का सूचक होता था। उग्र आलोचना और नियोजित 'कैंपेनिंग' का यह दौर अब तक अजनबी था।

भारत ही नहीं, समूची दुनिया इस समय नफरत के इसी कारोबार से लहूलुहान है। सोशल मीडिया के महाकाय कॉरपोरेट जब फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम और ऐसे अन्य प्लेटफॉर्म लेकर सामने आए, तब कहा गया था कि इससे दुनिया एक-दूसरे के करीब आएगी। शुरू में ऐसा हुआ भी, पर बाद में ये प्लेटफॉर्म बेलगाम हो गए। प्यू रिसर्च सेंटर ने पिछले साल दावा किया था कि 41 फीसदी अमेरिकी कभी न कभी ऑनलाइन उत्पीड़न से वाबस्ता हुए हैं। 18 से 45 साल के व्यक्तियों के बीच हुए एक अन्य अध्ययन में 83 प्रतिशत लोग नफरत के शिकार बताए गए। नस्ल, राष्ट्रीयता, धर्म, लिंग, शारीरिक विकार और विस्थापन जैसे संवेदनशील मुद्दे चरमपंथी विचारों और समूहों की भेंट चढ़ चुके हैं। 'व्हिसलब्लोअर' फ्रांसेस हौगेन ने ब्रिटिश संसदीय दल के समक्ष लगभग दो साल पहले दावा किया था कि फेसबुक (अब मेटा) अपने मुनाफे के लिए घृणा के इस दौर को हवा दे रहा है। भारतीय मूल के इंजीनियर अशोक चंदवने ने कंपनी को अलविदा कहते हुए लिखा था, 'मैं अब ऐसे संगठन में योगदान नहीं दे सकता, जो अमेरिका और दुनिया भर में नफरत को बढ़ावा दे रहा है।'

हालांकि, मेटा ने इस दावे को नकारते हुए कहा है कि हम तो जहर बुझी सामग्री की सफाई का काम करते हैं। उसके अनुसार, सिर्फ भारत में पिछली मई में 1.75 करोड़ पोस्ट इसलिए हटा दी गई, क्योंकि उनमें आपत्तिजनक सामग्री पाई गई। आप जानते ही होंगे, लगभग तीन अरब लोग हर माह मेटा प्लेटफॉर्म का थोड़ा या बहुत इस्तेमाल करते हैं।

कोई कुछ भी कहे, पर यह सच है कि सोशल मीडिया अपनी राह से भटक गया है। इसके पीछे सुनियोजित प्रयास हैं, क्योंकि समूची दुनिया में अब ताजो-तख्त का फैसला जोड़ने के बजाय तोड़ने के मुद्दे पर किया जाने लगा है। हुकूमतें और हुक्मरां इसके जरिये लोगों का ध्यान असली मुद्दों से हटाने में कामयाब होते हैं। संयुक्त राष्ट्र विश्व खाद्य कार्यक्रम की ताजा रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 2019 के बाद से धरती पर 81.10 करोड़ लोग खाली पेट सोने को मजबूर हैं। हर रोज 25 हजार इंसान भूख से तड़प-तड़पकर जान दे देते हैं। यही नहीं, 45 देशों के पांच करोड़ से अधिक लोग अकाल के कगार पर हैं। इस बदहाली का एक जिम्मेदार नफरतों का महाकाय कारोबार भी है। एक रिपोर्ट के अनुसार, सन 2017 में भारतीय अर्थव्यवस्था को इससे नौ फीसदी का नुकसान उठाना पड़ा, जो प्रति-व्यक्ति 40 हजार रुपये से अधिक बैठता है। हो सकता है, कुछ लोग इन आंकड़ों से असहमत हों, पर यकीनन कोविड ने इस मार को और मारक बना दिया है। क्या आप सोशल मीडिया पर ऐसे मुद्दों पर सार्थक बहस देखते-पढ़ते-सुनते हैं? यह तथ्य तथाकथित 'मेनलाइन मीडिया' को भी ठहरकर सोचने की दावत देता है।

यही वजह है कि दूसरे महायुद्ध के बाद जिन उच्चतम लोकतांत्रिक आदर्शों ने जोर पकड़ा था, वे ऐसी हरकतों से शिथिल होने लगे हैं। राजनेताओं के साथ पत्रकार और न्याय क्षेत्र से जुड़े लोग भी इस दौरान विचलन का शिकार बनते रहे हैं। किसी सयाने ने कहा था कि अगर कोई थप्पड़ मारे, तो उस पर नाराज होने के बजाय अपनी कमजोरियों पर गौर करो। न्यायमूर्तियों की न्यायकर्ता जानें, पर क्या हम पत्रकार ऐसा कर रहे हैं?

# मां से मिला हुनर मुश्किल वक्त में काम आया

गीता पाटिल, उद्यमी

देश में बेरोजगारी का क्या आलम है, सिर्फ इस एक विडंबना से समझा जा सकता है कि चंद दिनों पहले जिस अग्निपथ योजना के खिलाफ देश भर में अचानक नौजवान भड़क उठे थे और ट्रेनों में आगजनी जैसे अविवेकी कदम तक उठा बैठे, उसी योजना के तहत विज्ञापित कुछ हजार पदों के लिए आवेदकों की संख्या साढ़े सात लाख तक पहुंच गई। यह आंकड़ा और विशाल होता, अगर उम्र सीमा अधिक होती। ऐसे में, गीता पाटिल की कहानी एक नजीर पेश करती है कि सफलता या बुलंदी सिर्फ अच्छी सरकारी नौकरी से नहीं मिलती, स्टार्टअप, अपने कारोबार के जरिये भी दौलत और इज्जत कमाई जा सकती है।

आज से 48 साल पहले मुंबई के एक बेहद साधारण परिवार में गीता का जन्म हुआ। पिता बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) में काम करते थे, मगर उनकी तनख्वाह से बस गुजारा हो पाता था। ऐसा अक्सर होता कि जरूरी काम के लिए भी पैसे कम पड़ जाते। तब परिवार की जरूरतों और पति की मदद-भावना ने गीता की मां कमलाबाई को टिफिन सेवा शुरू करने के लिए प्रेरित किया और वह घर से ही यह काम करने लगीं। करीब 20 लोगों का भोजन वह बनाती थीं। इसी पृष्ठभूमि में गीता पलीं, बड़ी हुईं। जाहिर है, आम मध्यवर्गीय घरों की तरह वह भी अपनी मां की मदद किया करती थीं।

गीता तब कहां जानती थीं कि वह जिस परंपरा का पालन कर रही हैं, वह दरअसल एक बेशकीमती पाठशाला है, जिसके सबक आड़े दिनों में उनके बहुत काम आएंगे? पाक कला में भी लयकारी की दरकार होती है। व्यंजन में मसालों की मात्रा ऊपर-नीचे हुई कि जायके का काम तमाम! बहरहाल, मां अपनी सुघड़ता बेटी को अनजाने ही सौंपती जा रही थीं। गीता को भी यह सब करने में कोई ऊब नहीं होती, बल्कि दिलचस्पी होती थी कि मां, किसी मसाले को किस तरह इस्तेमाल कर पकवानों के स्वाद बढ़ा देती हैं!

उम्र के मुनासिब मोड़ पर माता-पिता ने गीता का हाथ गोविंद को सौंपकर विर्ले पार्ले से सांताक्रूज विदा कर दिया था। गोविंद एक डेंटल लेबोरेटरी में क्लर्क थे। जिंदगी खरामा-खरामा अपने पड़ाव तय करती रही और दर्शन व विनीत ने उनकी जिंदगी में आकर उनके परिवार को मुकम्मल कर दिया। शुरू-शुरू में सब ठीक था, लेकिन जब बच्चे बड़े होने लगे, तो स्वाभाविक तौर पर उनकी जरूरतें भी बढ़ने लगीं। वे गीता के गृहस्थी-कौशल की परीक्षा के दिन थे। इस इम्तिहान में पास करने के लिए उन्हें काफी मशक्कत करनी पड़ती थी।



इसी बीच 2016 में गोविंद की नौकरी चली गई। परिवार के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई। आय का कोई दूसरा नियमित जरिया भी न था और दोनों बच्चे स्कूल में थे।

गोविंद ने कई जगहों पर नौकरी के लिए प्रयास किया, मगर कोई सफलता नहीं मिल पा रही थी। एक रात गीता ने पति से कहा कि क्यों न वह भी 'आई' यानी मां की तरह हाथ के हुनर को आजमाकर देखें? पति के सहयोग से साल 2016 में घर की रसोई से ही उन्होंने अपना काम शुरू करने का फैसला किया। गीता को इतना तो आत्मविश्वास था कि उनके हाथ की बनी चीजों को लोग नापसंद नहीं करेंगे। वक्त-वेवक्त वह अपने पड़ोसियों के लिए पुरणपोली, चकली बनाती ही थीं, और लोग दिल खोलकर तारीफें भी करते थे।

इस तरह, गीता ने घर की रसोई से ही कारोबार शुरू हो गया। शुरू-शुरू में उन्होंने प्रभात कॉलोनी के बीएमसी कर्मचारियों को चाय-स्नैक्स भेजना शुरू किया। फिर वह महाराष्ट्र के पारंपरिक पकवान मोदक, पुरणपोली, चकली, पोहा आदि बनाने लगीं। जब कभी भी लगता कि वह थक रही हैं, तो अपनी मां को याद कर लेतीं कि कैसे वह समान ऊर्जा से सब कुछ कर लेती थीं और गीता के ऊपर तारी होता आलस छंट जाता था। शुरुआत में कमाई कम हुई, लेकिन आहिस्ता-आहिस्ता टिफिन और स्नैक्स की मांग बढ़ती गई। इसके साथ गीता का आत्मविश्वास भी बढ़ता गया। पति-पत्नी, दोनों पूरी लगन और ईमानदारी से काम में जुटे रहे। साल 2020 तक सब कुछ अनौपचारिक रूप से चलता रहा, हालांकि आमदनी अच्छी होने लगी थी। बेटा विनीत करीब से देख रहा था कि मां कितनी मेहनत करती हैं, लेकिन मौजूदा दौर के हिसाब से कुछ चीजें हैं, जिनके बारे में वह सोच नहीं सकतीं। विनीत ने मां की मदद के लिए सबसे पहले एक ब्रांड बनाया- 'पाटिल काकी' और फिर सोशल मीडिया की मदद से इसका प्रोमोशन शुरू कर दिया।

विनीत का आइडिया काफी फलदायी साबित हुआ। गीता के पास दूर-दूर से ऑर्डर आने लगे। आज विनीत ने अपनी मां के कारोबार को एक करोड़, 40 लाख रुपये की सालाना कमाई पर पहुंचा दिया है। घर की रसोई से शुरू हुआ गीता का कारोबार 1,200 वर्गफुट की इकाई में बदल चुका है। अब इसमें 25 महिलाएं भी काम कर रही हैं। इनमें से ज्यादातर के पति की नौकरी कोरोना महामारी के दौरान चली गई। पाटिल काकी ब्रांड को हर महीने 3,000 से अधिक ऑर्डर मिलने लगे हैं और विनीत का इरादा अब दूसरे शहरों में भी इसे विस्तार देने का है।

गीता कहती हैं, अपने कारोबार को इस मुकाम पर देखकर बहुत खुशी होती है। हालांकि, इसे इस स्तर पर लाने में विनीत का बड़ा हाथ है। पाटिल काकी की कहानी भारत में स्टार्टअप को लेकर बने सुखद माहौल की कहानी भी है। देश के मशहूर उद्योगपति आनंद महिंद्रा ने गीता की तारीफ करते हुए पिछले दिनों एक ट्वीट किया था, यह 'फूड स्टार्टअप' वाकई बेहतर मूल्यांकन का हकदार है, क्योंकि इसमें जो धैर्य और दृढ़ संकल्प शामिल है, उसे आप किसी बिजनेस स्कूल में कतई नहीं सीख सकते।

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

# भाजपाः लोकतंत्र की चिंता?

वेद प्रताप वैदिक

हैदराबाद में भाजपा की कार्यसमिति की बैठक काफी धूम-धड़ाके से संपन्न हो गई लेकिन अभी तक यह पता नहीं चला है कि भाजपा की सरकारों और पार्टी ने कौन-कौन-से कार्य करने का संकल्प लिया है लेकिन उसमें शामिल हुए नेताओं के भाषणों में से कुछ उल्लेखनीय बिंदु जरुर उभरे हैं। जैसे अल्पसंख्यकों के कमजोर वर्गो (पसमांदा) की भलाई का आह्वान, राजनीति में परिवारवाद का उन्मूलन और अगले 25-30 साल तक भाजपा-शासन के चलते रहने की आशा!

जहां तक अल्पसंख्यकों याने मुसलमानों के कमजोर वर्ग का सवाल है, इसमें शक नहीं कि उनके 80-90 प्रतिशत लोग ऐसे ही वर्गों से आते हैं। ये सब लोग पहले हिंदू ही थे। ये लोग गरीब हैं, मेहनतकश हैं, पिछड़ी जातियों के हैं और ज्यादातर अशिक्षित हैं। इनके मुसलमान बनने का एक बड़ा कारण यह भी रहा है। विदेशी हुक्मरानों के इन कृपाकांक्षी लोगों का उद्धार करने में वे शासक भी असमर्थ रहे। 1947 में भारत-विभाजन के कारण इनकी हालत पहले से भी ज्यादा बदतर हो गई।

कुछ मुट्ठीभर चतुर-चालाक लोगों ने अपने अल्पसंख्यक होने का फायदा जरुर उठाया लेकिन ज्यादातर मुसलमानों की आर्थिक, शैक्षणिक और जातीय हैसियत आज भी ज्यों की त्यों बनी हुई है। राजनीति के दांव-पेचों ने इनके अलगाववाद को मजबूत ही किया है। यदि इनकी तरफ भाजपा विशेष ध्यान देगी तो देश का भला ही होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इनके तुष्टिकरण नहीं, तृप्तिकरण की बात सही कही है।

सरसंघचालक मोहन भागवत तो पहले ही कह चुके हैं कि भारत के हिंदुओं और मुसलमानों का डीएनए एक ही है। यह संतोष का विषय है कि उदयपुर और अमरावती की घटनाओं को भाजपा तूल नहीं दे रही है, वरना भारत में अराजकता फैल सकती थी। यह भाजपा के नेतृत्व की दूरंदेशी का परिचायक है। जहां तक परिवारवाद का सवाल है, उसके खिलाफ मैं बराबर लिखता रहा हूं लेकिन दुनिया में लोकतंत्र को खतरा सिर्फ परिवारवाद से ही नहीं है, नेताओं और कार्यकर्त्ताओं के अहंकारवाद से भी है।

नेपोलियन, हिटलर, मुसोलिनी, स्तालिन, माओ त्से तुंग आदि क्या परिवारवाद के कारण सत्तारुढ़ हुए थे? उन्होंने अपने दम पर ही लोकतंत्र की जड़ों को मट्ठा पिला रखा था। यदि भाजपा-सरकार की नीतियां दिखावटी नहीं, सच्ची लोकहितकारी रहीं तो वह अगले 25-30 साल क्या, और भी ज्यादा वर्षों तक राज करती रह सकती है लेकिन डर यही है कि भाजपा के नेता लगातार निरंकुश न होते चले जाएं, जैसे कि इंदिरा गांधी हो गई थीं।


स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे
9827806026, 7869620239

Sanitary And Pipes Shop
Shree Hanuman Enterprises
Deals In: Sanitary, Hardware, PVC and CPVC Pipes, Water Tanks & Kitchen Sinks etc.
Deepak Kumar Shrivastava
7771831789
7974777438
Meenakshi Nagar, Beside of New Culcutta Sweets, Borsi Road, Durg (C.G.)-491001

Sargam Musicals
Deals in All Kinds of Musical Instrument Sales & Repair
DURG:- Near Tarun Adlabs Station Road, Durg (C.G.) Durg, Ph. 2330588, 9826660688
RAIPUR:- Near Manju Mamta Reaustaurant, M.G. Road Raipur. Ph. 4013288, 9303876196

महक सेनेटेशन
आपके शहर में सेनेटरी का भव्य शोरूम
सी पी फिटिंग व सेनेटरी की भव्य रेंज किफायती दरों में
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें
अनिल गुप्ता मो. 9300280144
शाप नं. 102, 103, किशोर प्लाजा, ग्रीन चौक दुर्ग (छ.ग.)
अनिल गुप्ता, मो. 9300280144

गंजेपन से मुक्ति मात्र 1 घंटे में
COMPLETE FAMILY SALON
हेयर रिप्लेसमेंट, 100% संतुष्टि की गारंटी
पहले बाद में
JITU'Z CUT N SHINE
93009-11331
रंगोली बैंगल्स के सामने, जयसवाल इलेक्ट्रानिक के बाजू में इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

A quality Digital Photoshop
Laxmi photo studio
Adarsh Nagar, DURG (C.G.)
9039553151, 9993564499
E-mail - laxmistudio2004@gmail.com

लक्ष्मी ज्वेलर्स
कुशल
9770584111
8959994444
स्टेशन रोड, कर्नाटका बैंक के सामने, दुर्ग (छ.ग.)






# श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़



इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM





अधिवक्ताओं को रिफ्रल बनने की अपेक्षा, सीधे जरूरतमंदों को राहत पहुंचाना है : न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी

## छत्तीसगढ़ी भाषा सरल और मधुर, इससे संवाद करने से ग्रामीणों को शीघ्र समझाया जा सकेगा

श्रीकंचनपथ न्यूज

बिलासपुर। नालसा का का मूल सिद्धांत है न्याय सबके लिये, उसे क्रियान्वित करने के लिए अधिवक्ताओं को सक्षम एवं जागरूक करने के उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। नालसा की बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाएं चल रही है, जिससे अधिक्तागण इस प्रशिक्षण के माध्यम से ज्ञान अर्जित कर वे इसका लाभ आमजनता को दिला सकते हैं।




अधिवक्ताओं को रिफ्रल बनने का रोल नहीं निभाना है, बल्कि जिस किसी भी जरूरतमंद व्यक्ति को सहायता की आवश्यकता है उसे सीधे न्यायालय या फोरम के माध्यम से उन्हें राहत दिलावें, इस कार्य में संवाद के लिये अधिवक्ता सरल भाषाओं का उपयोग करें, छत्तीसगढ़ी बहुत मधुर भाषा है इससे संवाद करने से ग्रामीणों को शीघ्र एवं आसानी से समझाया जा सकता है। कानून की शब्दावली कठिन रहती है, उपरोक्त विचार छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष माननीय श्री न्यायमूर्ति गौतम भादुड़ी ने छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण एवं उच्च न्यायालय अधिवक्ता संघ बिलासपुर के संयुक्त तत्वाधान में उच्च न्यायालय के अधिवक्ताओं हेतु एक दिवसीय प्रशिक्षण एवं ओरियेंटशन प्रोग्राम का शुभारम्भ करते हुए व्यक्त किये। उक्त कार्यक्रम राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण पुराना उच्च न्यायालय भवन के सभागार में आयोजित किया गया था।

न्यायमूर्ति महोदय ने बच्चों के अधिकार, पॉक्सो एक्ट के मामलों में बच्चों के मनोबल को बढ़ाने, पारिवारिक विवाद, वरिष्ठजन से संबंधित मामलों, मानसिक मरीजों इत्यादि मामलों के संबंध में बने नियमों एवं योजनाओं का अध्ययन करने एवं अपने वरिष्ठ अधिवक्ताओं से बिना हिचक के उनकी सलाह लेने की बात कहीं है। न्यायमूर्ति महोदय ने विधिक सेवा प्राधिकरण की टोलफ्री नंबर 15100, यू-ट्यूब चैनल जनचेतना जिसमें न्यायिक अधिकारियों द्वारा विभिन्न विषयों पर तैयार विधिक जानकारी का लाभ उठाने तथा स्थायी लोक अदालत, जनोपयोगी सेवओं जिसमें, बिजली, पानी, हास्पिटल, टेलीफोन, ट्रांसपोर्ट इत्यादि उपयोगी सेवाओं से संबंधित मामलों के संबंध में जानकारी प्राप्त करने तथा आमजन को इसके लाभ पहुंचाने की बात कहीं। इसके अलावा नवयुवक अधिवक्ताओं से ज्ञान पढ़ाने हेतु पुस्तकों का अध्ययन करते हुए आर्टिफिशियल इंटिलेजेंसी जैसे मोबाईल का सीमित उपयोग करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि बिलासपुर का डिफेंस कौंसिल सिस्टम देश भर में सराह गया है इसलिये नालसा द्वारा पूरे देश में अनेक स्थानों पर इसे प्रारंभ किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ के 18 जिलों में भी शीघ्र डिफेंस कौंसिल सिस्टम स्थापित किया जावेगा।

कार्यक्रम का स्वागत उद्बोधन छ.ग. उच्च न्यायालय के अध्यक्ष श्री अब्दुल वहाब खान ने करते हुए कहा कि इस प्रकार का वॉलिंटियर्स अधिवक्ताओं का कार्यक्रम भारतवर्ष में प्रथम प्रयास है, जो निश्चित रूप से आगे चलकर भारत में मील का पत्थर साबित होने वाला है। स्वयं पर्याप्त जानकारी प्राप्त करने के लिए समय समय पर इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आवश्यक है, ताकि अधिवक्ता विधिक क्षेत्र में उत्कृष्ठ कार्य कर सके।

## संयंत्र में सड़क सुरक्षा जागरूकता पर विशेष अभियान चलाया गया

श्रीकंचनपथ न्यूज



**भिलाई।** इस्पात नगरी में आईकॉनिक वीक का किया जा रहा है। इस आयोजन के तहत आज 08 जुलाई, 2022 को संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा जागरूकता पर विषेष अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग ने कई गतिविधियों के माध्यम से सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास किया है।

भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 8 जुलाई, 2022 को संयंत्र के ब्लास्ट फर्नेस, ऊर्जा प्रबंधन विभाग और फांउण्ड्री शॉप में सड़क सुरक्षा पर एक विषेष अभियान चलाया। इस अभियान के अतिरिक्त दिनभर संयंत्र के सभी जगहों पर सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर रोको-टोको अभियान और सुरक्षा वैन के माध्यम से रोड सेफ्टी पर सावधानी रखने और दुर्घटना से बचने की जानकारी प्रसारित की गयी। साथ ही पूरे संयंत्र में सुरक्षा संदेष का वितरण भी किया गया।

आईकॉनिक वीक के तहत सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा केन्द्र के सहयोग से कॉन्ट्रैक्ट लेबर के लिए 'लाइफस्टाइल डिसिस एंड ऑक्यूपेषनल हैजर्ड' विषय पर एक कार्यषाला का आयोजन किया गया। इस कार्यषाला में 67 ठेका श्रमिकों ने भाग लिया।

इस एक दिवसीय कार्यषाला को राष्ट्रीय व्यावसायिक स्वास्थ्य सेवा केन्द्र के प्रभारी एवं संयुक्त निदेषक डॉ राजेष्वर राम और सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग के विषेषज्ञों ने सम्बोधित किया। इस कार्यषाला में सुरक्षित तरीके से कार्य करने की आवष्यकता पर बल देते हुए असुरक्षित कार्यप्रणाली से होने वाले नुकसान की जानकारी दी गई। ऑक्यूपेषनल हैजर्ड और मानसिक तनाव से होने वाले बीमारी और उनसे बचाव के बारे में विस्तार से चर्चा की गई।

भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग और मानव संसाधन विकास विभाग के द्वारा मानव संसाधन विकास विभाग के सभागार में आज 08 जुलाई, 2022 को संयंत्र के गैर अधिषासी कर्मियों के लिए मानवीय मूल्यों तथा श्रमषक्ति के प्रभाव और उपयोगिता पर केन्द्रित एक कार्यषाला आयोजित की गई।

इस एक दिवसीय कार्यषाला में 33 कार्मिकों ने भाग लिया। कार्यषाला में उत्पादन और उत्पादकता में मानव संसाधन का महत्व तथा सुरक्षा संस्कृति के निर्माण में योगदान के बारे में समझाया गया। प्रत्येक कार्मिक की नैतिक जिम्मेदारी है सुरक्षित रूप से कार्य करें।

## खास खबर

### उद्यमिता विकास पखवाड़ा अंतर्गत 28 उद्यमियों को मिला सहयोग

**जगदलपुर।** बस्तर जिले में उद्यमिता विकास पखवाड़ा का आयोजन जनपद पंचायत बस्तर में किया गया, जिसमें समूह से जुड़े सदस्यों को छोटे, मध्यम एवं बड़े व्यवसाय से जोड़कर स्वरोजगार स्थापित करना है। इसी कड़ी में प्रारंभिक ग्रामीण उद्यमिता कार्यक्रम एसवीइपी अंतर्गत कुल 07 लाख 60 हजार की राशि 28 उद्यमियों को किराना दुकान, मनिहारी, होटल, सायकल स्टोर, शिशल कला कार्य के लिए श्रीमती शोभा बघेल एवं बांस कला कार्य के लिए श्रीमती रमा मंडल को चालीस हजार रुपये का चेक मुख्य कार्यपालन अधिकारी बस्तर के द्वारा प्रदाय किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पूरे देश भर में उद्यमिता विकास पखवाड़ा उत्सव मनाया जा रहा है, यह क्रम 15 जुलाई 2022 तक जारी रहेगा, जिसके तहत उद्यमिता विकास पखवाड़ा अंतर्गत विकास खंड स्तर में समूह बैठक, बैठक एवं कलस्टर लेवल में कार्यशाला आयोजन किया जा रहा है।

### किरंदुल-विशाखापट्टनम विस्टाडोम कोच की टिकटों की बिक्री शुरू हुई

**जगदलपुर।** किरंदुल-विशाखापट्टनम में जुड़ रही विस्टाडोम कोच की टिकटों की बिक्री शुरू हो चुकी है, कुछ लोगों ने स्थानीय रेलवे स्टेशन के बुकिंग काऊंटर से तो कुछ ने ऑनलाइन टिकट बुक करवाई है। रेलवे सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कुछ दिनों पहले ईको रेलवे ने यह बताया था कि 25 अक्टूबर से यह कोच किरंदुल विशाखापट्टनम के बीच चलने वाली पैसेंजर में जोड़ दी जाएगी। जगदलपुर से विशाखापट्टनम तक के सफर के एवज में यात्रियों को 1285 रुपए किराए के रूप में चुकता करने होंगे। अब तक यह कोच विशाखापट्टनम से अरकू के बीच ही आती थी, लेकिन इसका विस्तार कर दिया गया है।

## राहुल साहू की शिक्षा और स्पीच थिरैपी का खर्च वहन करेगी राज्य सरकार : मुख्यमंत्री

### राहुल के परिवार को पांच लाख रूपए की आर्थिक सहायता की घोषणा

### बोरवेल से सफल रेस्क्यू ऑपरेशन के लिए राहुल साहू के माता-पिता सहित जांजगीर-चांपा वासियों ने मुख्यमंत्री का जताया आभार




श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम पिहरिद के बोरवेल में लगभग 65 फीट नीचे गिरे राहुल को सफलतापूर्वक रेस्क्यू ऑपरेशन कर निकालने और उसके ईलाज के लिए मुख्यमंत्री द्वारा किए गए प्रयासों के प्रति आभार प्रकट करने के लिए आज राहुल के परिजन और जांजगीर-चांपा के सैकड़ो ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री से मुलाकात की।

मुख्यमंत्री ने इस मौके पर बड़ी घोषणा करते हुए राहुल के स्पीच थैरेपी और उसकी शिक्षा की सम्पूर्ण जिम्मेदारी उठाने की बात कही है, साथ ही राहुल के परिवार की आर्थिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए 5 लाख रूपए की आर्थिक मदद करने की घोषणा भी की। मुख्यमंत्री ने राहुल के परिजन को रोजगार देने के भी निर्देश दिए। गौरतलब है कि 105 घंटे के सफल रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद राहुल को बोरवेल से बाहर निकाल लिया गया था। इसके बाद ग्रीन कारीडोर बनाकार राहुल को उपचार हेतु बिलासपुर के अपोलो अस्पताल में भर्ती किया गया था। मुख्यमंत्री के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए राहुल की मां श्रीमती गीता देवी ने कहा कि आपने अपना बेटा समझ कर राहुल की जान बचाई है। इसके लिए मैं और मेरा परिवार जीवन भर आपका आभारी रहेगा।

इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने राहुल के बारे में सूचना मिलते ही अधिकारियों को निर्देश दे दिए थे कि बचाव कार्य में कोई कमी नहीं रहनी चाहिए। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि उन्होंने राहुल की दादी को भरोसा दिलाया था कि उसका नाती सुरक्षित बाहर आएगा। श्री बघेल ने कहा कि जब भी हम सामूहिक प्रयास करते है तो उसमें सफलता जरूर मिलती है और राहुल को बचाने के लिए तो हर एक ने धैर्यपूर्वक और दिन-रात मेहनत की। श्री बघेल ने कहा कि 105 घंटे तक पत्थर, चट्टान को काटकर राहुल को बाहर निकालने का कार्य कठिन था लेकिन राहुल को बचाने में लोगों की दुआ और ईश्वर की कृपा भी शामिल है।

मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि बोरवेल से निकालने के बाद अस्पताल में इलाज कराना दूसरी चुनौती थी और इसके लिए उन्होंने एयर एम्बुलेंस के साथ ही देश के कुशल डॉक्टरों को भी तैयार रखा था। श्री बघेल ने कहा कि राहुल जिंदगी की जंग पहले बोरवेल में लड़ा और फिर अस्पताल में।

इस मौके पर मुख्यमंत्री निवास कार्यालय परिसर में राहुल के परिजन ने मुख्यमंत्री का सम्मान किया। साथ ही जांजगीर-चांपा से आए ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने भी राहुल के मामले में मुख्यमंत्री की संवेदनशीलता की प्रशंसा करते हुए उन्हें धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर चन्द्रपुर विधायक रामकुमार यादव, तेलघानी बोर्ड के अध्यक्ष संदीप साहू, शाकम्भरी बोर्ड के अध्यक्ष रामकुमार पटेल, वरिष्ठ जनप्रतिनिधिगण सहित जांजगीर-चांपा से आए विभिन्न समाजों के प्रतिनिधि एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

## कृषक सूचना केन्द्र के माध्यम से किसानों को योजनाओं की जानकारी प्रदान कर किया जा रहा लाभान्वित

श्रीकंचनपथ न्यूज

कवर्धा। जुलाई शासन द्वारा गांव में किसानों को लाभान्वित करने अनेक योजनाएं संचालित की जा रही है। इस योजनाओं को ग्रामवासियों तक पहुंचने के लिए गावों में सूचना केंद्र स्थापित किए गए है। जिसके माध्यम से किसानों को सभी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही वहां के किसान योजनाओं का लाभ ले रहे हैं। जिले के विकासखंड पंडरिया के ग्राम महली में कृषक सूचना केन्द्र स्थापित किया गया है। जिसके माध्यम से किसानों को लाभान्वित किया जा रहा है।

ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी ग्राम महली क्षेत्र में सूचनाओं का प्रचारङ्गप्रसार कर किसानों को योजनाओं का लाभ पहुंचा रहे है। इस क्षेत्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत 1312 किसानों का पंजीयन कर योजना का लाभ दिलवाया गया है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना में धान के बदले अन्य फसल की प्रगति 81.208 हेक्टेयर है।

किसान क्रेडिट कार्ड में लघु एवं दीर्घ 855 कृषकों को लाभांवित कराया गया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन योजनांतर्गत कृषकों को अरहर बीज मिनीकीट वितरण किया गया है। प्रधानमंत्री फसल बीमा वर्ष 2021-22 खरीफ में 801 एवं रबी में 68 कृषकों का बीमा किया गया है। सेवा सहकारी समिति महली में 120 क्विंटल धान बीज का भण्डारण किया गया था, जिसका कृषकों को शत-प्रतिशत वितरण किया जा चुका है। इसी प्रकार 404.5 मी.टन खाद का भण्डारण किया गया था, जिसमें 379.3 मी.टन खाद का वितरण कराया जा चुका है। कृषि विस्तार अधिकारियों द्वारा निरंतर विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। कृषि एम डी डडसेना ने बताया कि ग्राम महली भवन दो माह पूर्व ही विभाग को हस्तांतरण हुआ है। महली क्षेत्र की ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्रीमती श्रद्धा शर्मा मातृत्व अवकाश पर होने के कारण ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी मुख्यालय बघर्रा एस.के. बंजारे को महली क्षेत्र का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

एस.के. बंजारे अपने मुख्यालय बघर्रा में रहते हुए निरंतर अतिरिक्त क्षेत्र महली का भ्रमण कर किसानों को विभागीय योजनाओं का प्रचार-प्रसार कर लाभ दिलाते रहते हैं। वर्तमान में महली भवन में निवासरत असिस्टेंट टेक्नालॉजी मैनेजर विकासखण्ड कार्यालय के साथ-साथ संपूर्ण विकासखण्ड पंडरिया के मैदानी स्तर के विभागीय कार्यो का निष्पादन करते हैं।

## गृह मंत्री धमतरी जिले में साहू संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में हुए शामिल




श्रीकंचनपथ न्यूज

**धमतरी।** गृहमंत्री श्री ताम्रध्वज साहू धमतरी जिले में जिला एवं तहसील साहू संघ के नव निर्वाचित पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। कार्यक्रम आमातालाब रोड स्थित बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में आयोजित की गई थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ साहू संघ के अध्यक्ष श्री टहल सिंह साहू ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र सांसद श्री चुन्नीलाल साहू, छत्तीसगढ़ राज्य दुग्ध संघ के अध्यक्ष श्री विपिन साहू, विधायक धमतरी श्रीमती रंजना साहू, श्री दयाराम साहू सहित समाज के अन्य पदाधिकारी और गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।


ॐ साईं राम
माँ पुस्तक भंडार



स्टेशनरी सामान मिलने का एक मात्र स्थान
पुरानी एवं नई पुस्तकें खरीदी व बेची जाती है
रावणभाटा, सुपेला, भिलाई (छ.ग.)
मो. 7489051024, 7770845578



Since 1972
CROWN® - TV
Choice Of Millions
LED Available 16 -20 -22 - 24 - 32-40-50-55-65




CONTACT
Premier sales 8959493000
Arhum Electronics 9926100315
A Leela Electronics 9425507772
Reena Electronics 9329132299
Shree Electronics 7000827361
Maa Durga Electronics 9827183839
Rohit Electronics 94242-02866
Authorised Distributers For Chhattisgarh
Trade Enquiry: 98262-52372

# जनजाति क्षेत्रों के जर्जर छात्रावास-आश्रम तथा स्कूलों के भवन की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराएं : भूपेश बघेल

### बच्चों की दर्ज संख्या के आधार पर किया जाएगा शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण

### पेसा एक्ट के क्रियान्वयन के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुसमर्थन

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में जनजाति सलाहकार परिषद की बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की अध्यक्षता में उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ जनजाति सलाहकार परिषद की बैठक में आयोजित की गई। मुख्यमंत्री ने बैठक में जनजाति क्षेत्रों के जर्जर छात्रावास-आश्रम तथा स्कूलों के भवन की मरम्मत का कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोरोना के कारण दो साल बाद स्कूल, छात्रावास और आश्रम प्रारंभ हुए हैं, जहां मरम्मत की आवश्यकता है, वहां मरम्मत का कार्य तत्परता से कराया जाए। मुख्यमंत्री ने जनजाति क्षेत्रों में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के लिए छात्रावास का निर्माण करने के निर्देश भी दिए। इसी तरह उन्होंने स्कूलों में बच्चों की दर्ज संख्या के आधार पर शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण करने के निर्देश दिए।जनजाति सलाहकार परिषद की बैठक में मुख्यमंत्री ने कहा कि जनजाति क्षेत्रों में छत्तीसगढ़ राज्य आदिमजाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान (टीआरआई) के कैम्प आयोजित कर वहां जाति प्रमाण पत्र जारी करने में आ रही दिक्कतों का अध्ययन कर इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर केन्द्र सरकार को भेजने के निर्देश अधिकारियों को दिए। बैठक में छत्तीसगढ़ पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों का विस्तार) अधिनियम-1996 (पेसा एक्ट) के क्रियान्वयन के संबंध में प्रस्तुत प्रस्ताव का



सर्वसम्मति से अनुसमर्थन किया गया। इसी तरह अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन पर राज्यपाल का प्रतिवेदन वर्ष 2020-21 का अनुमोदन भी बैठक में किया गया। अनुसूचित क्षेत्रों के प्रशासन पर बैठक में अनुमोदित किए गए राज्यपाल को भेजे जाने वाले प्रतिवेदन वर्ष 2020-21 में अनुसूचित जनजातियों के शैक्षणिक एवं सामाजिक, आर्थिक प्रोत्साहन हेतु संवैधानिक प्रावधानों के क्रियान्वयन, विभिन्न विकास विभागों द्वारा अनुसूचित क्षेत्र में क्रियान्वित प्रमुख योजनाओं का विवरण, प्रदेश के विशेष रूप से कमजोर जनजातियों की जनसांख्यिकीय जानकारी, प्रशासकीय इकाई एवं विकास कार्यो की स्थिति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य परंपरागत वन निवासी (वन अधिकारों की मान्यता) अधिनियम 2006 एवं नियम 2007 यथा संशोधित नियम 2012 के क्रियान्वयन का उल्लेख है। बैठक में अधिकारियों ने बताया कि जनजाति सलाहकार परिषद की पूर्व में आयोजित बैठक में लिए गए निर्णय के परिपालन में नारायणपुर जिले के 19 ग्रामों का सर्वेक्षण कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा दो ग्रामों के सर्वे का कार्य प्रक्रियाधीन है। बैठक में यह भी बताया गया कि मार्च 2022 तक 4 लाख 46 हजार 41 व्यक्तिगत वन अधिकार पत्र, 45 हजार 764 सामुदायिक वन अधिकार, 3 हजार 516 सामुदायिक वन संसाधन अधिकार पत्र का वितरण कर दिया गया है। इस तरह कुल 4 लाख 95 हजार 455 वन अधिकार पत्र वितरित किए गए हैं। मुख्यमंत्री बघेल की घोषणा के अनुरूप विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह के 9623 शिक्षित युवाओं को शासकीय सेवा में नियुक्ति देने के संबंध में जिलेवार सूची सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी कर दी गई है।

बैठक में आदिमजाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह, खाद्य मंत्री अमरजीत भगत, जनजातीय सलाहकार परिषद के उपाध्यक्ष रामपुकार सिंह, लोकसभा सांसद दीपक बैज, विधानसभा उपाध्यक्ष मनोज मंडावी,संसदीय सचिव शिशुपाल सोरी सहित परिषद के सदस्यगण विधायक लक्ष्मी ध्रुव, मोहन मरकाम, चक्रधर सिंह, इंद्रशाह मंडावी, मोहित राम, गुलाब कमरो और पूर्व विधायक बोधराम कंवर, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ,आदिम जाति विकास एवं कल्याण विभाग के सचिव डी.डी. सिंह, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के सचिव प्रसन्ना आर., ऊर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद, सचिव स्कूल शिक्षा डॉ.एस.भारतीदासन, आयुक्त आदिमजाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग शम्मी आबिदी मुख्यमंत्री निवास में उपस्थित थीं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से विधायक सर्वश्री विनय भगत, लखेश्वर बघेल, वृहस्पति सिंह, चिंतामणी महाराज, देवती कर्मा, बृहस्पत सिंह, अनूप नाग बैठक में शामिल हुए।

## खास खबर

### छत्तीसगढ़ में अब तक 248.1 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रायपुर।** राज्य शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा बनाए गए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष द्वारा संकलित जानकारी के मुताबिक एक जून 2022 से अब तक राज्य में 248.1 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 01 जून से आज नौ जुलाई तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 491.1 मिमी और बलरामपुर जिले में सबसे कम 113.6 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।

राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सरगुजा में 132.3 मिमी, सूरजपुर में 186.8 मिमी, जशपुर में 130.6 मिमी, कोरिया में 208.1 मिमी, रायपुर में 148.0 मिमी, बलौदाबाजार में 250.9 मिमी, गरियाबंद में 266.3 मिमी, महासमुंद में 243.6 मिमी, धमतरी में 214.5 मिमी, बिलासपुर में 289.8 मिमी, मुंगेली में 348.8 मिमी, रायगढ़ में 244.3 मिमी, जांजगीर-चांपा में 369.1 मिमी, कोरबा में 217.9 मिमी, गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही में 361.6 मिमी, दुर्ग में 218.7 मिमी, कबीरधाम में 238.9 मिमी, राजनांदगांव में 248.7 मिमी, बालोद में 290.5 मिमी, बेमेतरा में 187.0 मिमी, बस्तर में 282.9 मिमी, कोण्डागांव में 263.8 मिमी, कांकेर में 256.1 मिमी, नारायणपुर में 264.5 मिमी, दंतेवाड़ा में 241.7 मिमी और सुकमा में 235.2 मिमी औसत वर्षा रिकार्ड की गई।

### कालेजों में दाखिले के लिए आए 40 हजार आवेदन, सीबीएसई रिजल्ट के बाद जारी होगी मेरिट सूची

**रायपुर (ए)।** पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय अंतर्गत प्रथम वर्ष की सीटों पर दाखिले के लिए अब तक 40 हजार से अधिक ऑनलाइन आवेदन आ चुके हैं। विश्वविद्यालय प्रबंधन का कहना है कि सीबीएसई बोर्ड के परिणाम जारी होने के सप्ताहभर बाद दाखिले के लिए मेरिट सूची जारी की जाएगी, ताकि सीबीएसई बोर्ड के छात्र आवेदन कर सकें। मिली जानकारी के अनुसार कालेजों में 35 हजार से अधिक सीटें हैं। कोरोनाकाल में ऑनलाइन पढ़ाई की वजह से अधिकांश विद्यार्थी स्नातक प्राइवेट कर रहे थे। इस बार ऑफलाइन पढ़ाई को लेकर नियमित दाखिले के लिए आवेदन कर रहे हैं।


### अध्ययनशालाओं में दाखिले के लिए परीक्षा 16 से

पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की अध्ययनशालाओं में दाखिले के लिए आनलाइन परीक्षा 16 जुलाई से होगी। विश्वविद्यालय प्रबंधन ने बताया कि एमएससी, एमए और एमएसडब्ल्यू से जुड़े विभिन्ना विषयों में दाखिले के लिए 16, 18, 19 और 20 जुलाई को सात पालियों में परीक्षा ली जाएगी। परीक्षा से जुड़ी जानकारी विश्वविद्यालय के पोर्टल पर जारी की गई है।

# शतरंज ओलंपियाड टॉर्च रिले 16 जुलाई को पहुंचेगी रायपुर

### ओलंपियाड टॉर्च रिले के कार्यक्रम की तैयारियों के संबंध में हुई बैठक

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** शतरंज ओलंपियाड टॉर्च रिले 16 जुलाई को रायपुर पहुंचेगी। शतरंज ओलंपियाड टॉर्च रिले की तैयारियों के संबंध में गठित समिति की बैठक आज रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के सभा कक्ष में सचिव खेल एवं युवा कल्याण विभाग नीलम नामदेव एक्का की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शतरंज ओलंपियाड टॉर्च रिले के कार्यक्रम के आयोजन के संबंध में जिम्मेदारी सौंपी गई। शंतरंज ओलंपियाड के 95 साल के इतिहास में भारत को पहली बार ओलंपियाड की मेजबानी मिली है जिसमें 188 देश प्रतियोगिता में शामिल होंगे आजादी के 75 वें अमृत महोत्सव के अंतर्गत 75 शहरों में यह शतरंज ओलंपियाड रैली निकाली जा रही है यह भारत में आयोजित होने वाला अब तक का सबसे बड़ा खेल आयोजन होगा।

गौरतलब है कि आजादी के अमृत महोत्सव के तारतम्य में 44वें शतरंज ओलंपियाड टॉर्च रिले का आयोजन 19 जून से 28 जुलाई तक किया जा रहा है। इसी कड़ी 44वें शतरंज ओलंपियाड का भी भव्य रूप आयोजन किया जा रहा है। बैठक में जानकारी दी गई कि शतरंज टॉर्च रिले का आगमन 16 जुलाई को सुबह 8.40 बजे रायपुर स्थित स्वामी विवेकानंद विमानतल पर होगा। यह ओलंपियाड मशाल रायपुर शहर का भ्रमण करते हुए पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम आयोजन स्थल पहुचेगी। इस दौरान शहर में टार्च रिले का तेलीबांधा चौक व नगर घड़ी चौक पर स्वागत होगा। टॉर्च रिले पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम पहुंचेगी, जहां अनेक कार्यक्रम होंगे।

बैठक में संचालक खेल एवं युवा कल्याण श्वेता श्रीवास्तव सिन्हा, आयुक्त नगर निगम मयंक चतुर्वेदी, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के महासचिव गुरुचरण होरा, छत्तीसगढ़ शतरंज संघ के महासचिव विनोद राठी, सहायक निदेशक सांई नितीश गर्ग, सहायक संचालक भारतीय खेल प्राधिकरण एवं राज्य समन्वयक नेहरू युवा केन्द्र संगठन शामिल हुए।

# आज से शुरू होगा प्रदेश व्यापी रोका-छेका अभियान किसानों को होगा फायदा



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर (ए)।** खरीफ फसलों की सुरक्षा के लिए इस वर्ष भी 10 जुलाई से प्रदेशव्यापी रोका-छेका का अभियान शुरू किया जा रहा है। इस दौरान फसल को चराई से बचाने के लिए पशुओं को नियमित रूप से गोठान में लाने के लिए रोका-छेका अभियान के अंतर्गत मुनादी कराई जाएगी। गोठानों में पशु चिकित्सा शिविर लगाकर पशुओं के स्वास्थ्य की जांच, पशु नस्ल सुधार के लिए बधियाकरण, कृत्रिम गर्भधान और टीकाकरण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा है कि रोका-छेका हमारी पुरानी पंरपरा है। राज्य में बीते वर्षो में भी यह अभियान चलाया गया था, जिसका परिणाम उत्साहजनक रहा है। इसे ध्यान में रखते हुए राज्य में चालू खरीफ सीजन के दौरान 10 से 20 जुलाई तक यह अभियान पुन: चलाया जा रहा है। उन्होंने इसकी सफलता के लिए सभी किसानों एवं पशुपालकों से सहयोग की अपील की है। राज्य में खरीफ फसलों की बुवाई तेजी से शुरू हो गई है।

मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि हम सब जानते है कि फसलों की बुवाई के बाद किसानों की सबसे बड़ी चिंता फसलों की देखभाल और उसकी सुरक्षा की होती है। फसलों की सुरक्षा के लिए रोका-छेका का अभियान महत्वपूर्ण साबित हो रहा है, इससे हमारी फसल और पशुधन दोनों सुरक्षित रहेंगे।

### बारिश में डेंगू-मलेरिया के मच्छरों से रहें सावधान, स्वास्थ्य विभाग कर रहा जागरूक

**रायपुर।** बरसात का मौसम शुरू होते ही मच्छरजनित रोगों जैसे डेंगू, मलेरिया और जापानी इंसेफेलाइटिस (जापानी बुखार) के मामले बढ़ जाते हैं। संचालक, महामारी नियंत्रण डॉ. सुभाष मिश्रा ने बताया कि बस्तर क्षेत्र में मलेरिया, डेंगू के बढ़ते मामलों को देखते हुए शासन द्वारा बस्तर संभाग के सभी जिलों को इन बीमारियों की रोकथाम के लिए कड़े कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग ने ग्रामीण क्षेत्रों में साफ-सफाई का निरीक्षण और ग्रामीणों को इन बीमारियों से बचाव की जानकारी के साथ ही जिले में स्थानीय प्रशासन के माध्यम से जन-जागरूकता अभियानों में मेडिकेटेड मच्छरदानी लगाकर सोने, घर के आसपास पानी का जमाव न होने व घरों में मच्छर प्रतिरोधी स्प्रे एवं अन्य बचाव के आवश्यक उपायों के बारे में जानकारी देने के निर्देश दिए हैं।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा बुखार के सभी मामलों की सूचना राज्य स्तर पर देने एवं मरीजों को तुरंत भर्ती कर संक्रमण की जांच करने कहा गया है। जांच के परिणाम आने तक मरीज को आइसोलेट कर इलाज उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए गए हैं। राज्य स्तर पर डा. जितेंद्र कुमार को इसके लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उनके मोबाइल नंबर-94791-07919 पर संपर्क कर आवश्यक मार्गदर्शन लिया जा सकता है।

इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग वर्षाजनित रोगों के प्रति लोगों को जागरुक करने के लिए अभियान भी चला रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में विभाग की टीम लोगों को सावधानी के आवश्यक उपाय बता रही है। इसके साथ ही क्लोरिन की गोलियां बांटकर इन्हें पीने के पानी में डालने के लिए कहा जा रहा है।

# मंत्री डॉ. डहरिया ने समोदा में 3.41 करोड़ रूपए के विकास कार्यों की दी सौगात

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** नगरीय प्रशासन एवं विकास तथा श्रम मंत्री डॉ. शिवकुमार डहरिया ने रायपुर जिले के नगर पंचायत समोदा में करीब तीन करोड़ 41 लाख 92 हजार रूपए के विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया। इनमें दो करोड़ 94 लाख की लागत के नौ कार्यों का भूमिपूजन एवं 46 लाख 30 हजार रूपए के कुल पांच कार्यों का लोकार्पण किया गया।

डॉ. डहरिया ने कहा कि प्रदेश के सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में आम लोगों की सुविधा के लिए सभी जरूरी निर्माण एवं विकास के कार्य कराये जा रहे है। उन्होंने कहा कि छात्रों की बेहतर शिक्षा प्रदान करने स्वामी आत्मानंद स्कूल खोले जा रहे है। प्रदेश के सभी नागरिकों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली से राशन मिले इसके लिए सभी के परिवारों के राशन कार्ड बनाये जा रहे है। उन्होंने बताया कि समोदा नगर पंचायत बन जाने से अब सभी नागरिक सुविधाएं यहां उपलब्ध होंगी।

डॉ. डहरिया ने नगर पंचायत समोदा के अंतर्गत विभिन्न आठ स्थानों पर एक करोड़ 34 लाख 34 हजार रूपए की लागत से सीसी रोड निर्माण एवं 17 लाख 55 हजार की लागत से चार स्थानों पर आरसीसी नाली निर्माण के कार्यों का भूमिपूजन किया। समोदा नगर पंचायत के वार्ड क्रमांक-1 में महिला सामुदायिक भवन लागत 11 लाख 58 हजार, यादव पारा में सामुदायिक भवन लागत 11 लाख 98 हजार एवं निषाद पारा में 11 लाख 98 हजार रूपए की लागत से बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। नगर पंचायत क्षेत्र के अंतर्गत दो स्थानों पर बाउंड्रीवाल लागत 22 लाख 83 हजार रूपए, चार स्थानों पर बस स्टाप लागत 15 लाख 18 हजार रूपए, चार स्थानों में हाई मास्ट लाईट स्थापना के लिए 19 लाख 54 हजार रूपए तथा विद्युत पोल स्थापना एवं एल्टीलाइन लागत 49 लाख 24 हजार रूपए की लागत के कार्यों का भूमिपूजन किया। इसी तरह से समोदा नगर पंचायत के अंतर्गत पांच स्थानों पर करीब 46 लाख 30 हजार रूपए के लागत के सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण किया। इस अवसर पर खिलेश देवांगन, कोमल साहू, आजूराम वंशे सहित क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

आरना इंटरप्राईजेस
कांटावाला
वाटरप्यूरीफायर के विक्रेता एवं सुधारक
छत्तीसगढ़ शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
इलेक्ट्रानिक तराजू एवं सीसीटीवी कैमरा के विक्रेता व सुधारक
सर्कुलर मार्केट कैम्प-2, भिलाई, न्यू जेपी स्पोर्ट्स के सामने
7828844440, 9993045122
नया बस स्टैण्ड, शिव मंदिर रोड, दुर्ग, 09981370285, 9302833333

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

प्रीति ड्रेसेस
मेन्स एण्ड लेडिस वियर
जवाहर मार्केट, पावरहाउस, भिलाई
मो. 9589230033, 9993840094

- जीन्स
- टी-शर्ट
- शर्ट
- ट्राउजर
भारत जींस
जवाहर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

मोमोस नास्ता सेंटर...
थापा शुद्ध मोमोस सेंटर
फुल हाफ
वेज मोमोस 40/- 20/-
मनचुरियन मोमोस 50/- 30/-
पनीर मोमोस 60/- 30/-
मोमोस-10, 20 और 30 रु. का भी मिलता है। शुद्ध बिना ऑयल का बना
मो.-9977690915, 7898349602
सर्कुलर मार्केट, पावर हाउस, भिलाई

आर्टिफिशियल ज्वेलरी के विक्रेता
अनुप ट्रेंडर्स
सर्कुलर मार्केट, केम्प-2, पावर हाउस, भिलाई

प्रमोद इंटरप्राइजेस
गेंहू, चांवल एवं दाल के थोक विक्रेता
लिंक रोड, केम्प-2, भिलाई-दुर्ग
फोन: 0788-2225449, 93290-13017

Hotel Shiv Prabha Inn. & Town King
The Family Restaurant
46-C Market, Near Sapana Talkies & Hotel Apana Keshari Lodge, Power House, Bhilai, Distt.-Durg (C.G.)
9893215251, 8966981590
Email.: ranjanaguptakeshari@gmail.com

BIHAR BOOT HOUSE
Jawahar Market, Power House
Bhilai 9826181183

### जब गीता मां ने राघव का स्लो मोशन देख कर दिया था रिजेक्ट

# पब्लिक ने बदली 'कॉकरोच' की किस्मत

मशहूर डांसर राघव जुयाल आज 31 साल के हो गए हैं। वह डांस की दुनिया में अलग स्टाइल और अपने शानदार मूव्स के लिए जाने जाते हैं। राघव अपने स्लो मोशन के लिए मशहूर हैं। जब इस इंडस्ट्री में उन्होंने कदम रखा था, तब वह 'कॉकरोच' के नाम से मशहूर थे और यह नाम उन्होंने ही खुद को दिया था लेकिन धीरे-धीरे वह इस इंडस्ट्री के स्लो मोशन किंग बन गए। उन्होंने अपनी जर्नी टीवी के पॉपुलर रियलिटी शो 'डांस इंडिया डांस' से शुरू की थी लेकिन एक समय ऐसा भी आया था जब उन्हें इस शो में फैंस की डिमांड पर बुलाया गया था।



## राघव का बचपन

10 जुलाई 1991 को जन्मे राघव जुयाल उत्तराखंड के देहरादून से ताल्लुख रखते हैं और यही वजह से है वह पहाड़ों से इतना लगाव महसूस करते हैं। उनके पिता दीपक जुयाल वकील हैं और उनकी मां का नाम अलका बख्शी हैं। राघव को बचपन से ही डांस का शौक था और इसी वजह से उन्होंने स्कूल टाइम में ही कंपीटिशन में हिस्सा लेना शुरू कर दिया। हालांकि, उन्होंने कभी डांस की ट्रेनिंग नहीं ली। बल्कि उन्होंने जो भी सीखा टीवी और इंटरनेट की वीडियो को देखकर ही सीखा। इसके बावजूद उन्होंने कई कंपीटिशन में जीत हासिल की।

## डांस इंडिया डांस से शुरू की जर्नी

'डांस इंडिया डांस' टीवी का पॉपुलर रियलिटी शो है, जिसके जरिए कई आम डांसर्स ने अपने सपनों को पूरा किया है उनमें राघव भी हैं। साल 2012 में 'डीआईडी' के सीजन 3 के ऑडिशन राउंड में राघव नजर आए थे। उन दिनों उनके लाल बालों वाले स्टाइल ने हर किसी का ध्यान खींच लिया था। शो में उन्होंने अपना नाम कॉकरोच बताया और फिर जब उन्होंने स्लो मोशन में अपना डांस शुरू किया। तब शो के जज गीता कपूर, रेमो डिसूजा और टेरेंस लेविस भी हैरान रह गए। हालांकि, राघव को शो के आगे राउंड्स में रिजेक्ट कर दिया गया था।

## फैंस की डिमांड पर राघव की एंट्री

राघव जुयाल 'डीआईडी 3' के टॉप 18 तक में भी जगह नहीं बना पाए थे लेकिन उनके ऑडिशन राउंड का डांस वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। दर्शकों को राघव का स्टाइल पसंद आया, जिस वजह से पब्लिक के बीच उन्हें शो में बुलाने की डिमांड उठने लगी। इसी वजह से शो के ग्रैंड मास्टर रहे मिथुन चक्रवर्ती ने एक खास फैसला लेते हुए राघव को वाइल्ड कार्ड राउंड में अपना ट्रंप कार्ड बनाकर एंट्री दिलाई। इसके बाद राघव ने पूरे शो में अपनी अलग-अलग परफॉर्मेंस से लोगों को हैरान कर दिया। इतना ही नहीं, वह इस शो के रनरअप भी रहे थे।

## राघव की शानदार फिल्में

राघव जुयाल बेहतरीन डांसर-कोरियोग्राफर होने के साथ साथ शानदार एक्टर और होस्ट भी हैं। उन्होंने साल 2014 में रिलीज हुई फिल्म 'सोनाली केबल' से एक्टिंग के क्षेत्र में कदम रखा था। इसके बाद वह 'एबीसीडी 2', 'नवाबजादे', 'स्ट्रीट डांसर', 'बहुत हुआ सम्मान' में काम किया। वहीं, अब सलमान खान की अपकमिंग फिल्म 'कभी ईद कभी दिवाली' में भी राघव जुयाल अपना जलवा दिखाएंगे। इसके अलावा, राघव ने अपनी होस्टिंग से भी फैंस को दीवाना बनाया है। वह रियलिटी शो 'डांस प्लस' में बतौर होस्ट नजर आते हैं और हर सीजन में उन्होंने अपनी कॉमिड टाइमिंग से लोगों को खूब हंसाया है।

# पहले ही सीन से घर-घर में छा गए थे पर्ल पुरी, सिर्फ एक गलती पड़ गई करियर पर भारी

छोटे पर्दे पर सपोर्टिंग एक्टर के तौर पर अपनी शुरुआत करने वाले पर्ल वी पुरी आज टेलीविजन इंडस्ट्री पॉपुलर एक्टर्स में से एक हैं। अभिनेता पर्ल 10 जुलाई यानी आज अपना 33वां जन्मदिन सेलिब्रेट कर रहे हैं। अभिनय के क्षेत्र में कदम रखने से पहले पर्ल ने बतौर मॉडल भी काम किया और फिर छोटे पर्दे पर डेब्यू के बाद वह घर-घर में पहचाने गए। हालांकि अभिनेता का फिल्मों में आने का कोई इरादा नहीं था, लेकिन उन्होंने गर्लफ्रेंड की वजह से अभिनय की ओर रुख किया था और उनका फैसला सही भी रहा। पर्ल ने अपने करियर और जिंदगी में जहां अच्छा समय देखा तो वहीं कुछ वक्त उनके लिए बुरे सपने की तरह रहा। तो चलिए उनके जन्मदिन के मौके पर जानते हैं, उनके करियर और जिंदगी से जुड़ी कुछ खास बातें।



पर्ल वी पुरी के के पिता एक बिजनेसमैन थे और इसलिए वह चाहते थे कि उनका बेटा भी व्यवसाय में उनका साथ दे, लेकिन पर्ल ने अभिनय की दुनिया को चुना। इस बारे में अभिनेता पर्ल वी पुरी ने एक बार मीडिया बातचीत में खुलासा किया था कि उनकी गर्लफ्रेंड बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान की बड़ी फैन थी और वही चाहती थीं कि पर्ल अभिनय की दुनिया में अपना करियर बनाएं। इसी वजह से पर्ल अपने पिता की मर्जी के खिलाफ तक चले गए थे और मुंबई आ गए। हालांकि जब पर्ल अपना मुकाम बना चुके थे, तब उनकी गर्लफ्रेंड का कहना था कि वह अभिनय छोड़ दें, लेकिन पर्ल ने अपने करियर से समझौता नहीं किया और इस तरह से उनकी रिलेशनशिप खत्म हो गई।

## टीवी की दुनिया से मिली पहचान

मुंबई आने के बाद अभिनेता पर्ल के असली इम्तिहान की शुरुआत हुई और हर कलाकार की तरह उन्हें भी संघर्ष करना पड़ा। उन्होंने शुरुआत में विज्ञापनों में काम किया, वहीं एक दो फिल्मों में काम करने के बाद जब पहचान नहीं मिली तो पर्ल ने टीवी की दुनिया की ओर रुख किया। जहां न सिर्फ वह अपने अभिनय बल्कि गुड लुक्स के लिए भी पहचाने गए।

## पहले सीरियल से ही पहचाने गए पर्ल

बतौर मॉडल काम कर चुके पर्ल वी पुरी ने मुख्य कलाकार के रूप में छोटे पर्दे पर अपने करियर की शुरुआत सीरियल 'फिर भी न माने बद्‌तमीज़ दिल से की थी। हालांकि यह सीरियल ज्यादा लंबा नहीं चला, लेकिन अपने लुक्स की वजह से पर्ल वी पुरी पहले सीरियल से ही पहचाने जाने लगे थे। एक्टर पर्ल सबसे ज्यादा पॉपुलर एकता कपूर के शो 'नागिन 3' से हुए। इस शो से वह माहिर की भूमिका में नजर आए थे।

## पर्ल की जिंदगी का सबसे मुश्किल दौर

अभिनेता पर्ल के लिए साल 2021 बेहद मुश्किलों भरा रहा। दरअसल उनके ऊपर एक नाबालिग से रेप का आरोप था और इसको लेकर उनके खिलाफ शिकायत भी दर्ज करवाई गई थी। इसी दौरान पर्ल की मां भी कैंसर से जूझ रही थी। इस दौरान अभिनेता बुरी तरह टूट गए थे और यहां तक कि उन्होंने सोशल मीडिया तक से खुद को दूर कर लिया था। फिलहाल अब वह सभी आरोपों से बरी हो चुके हैं, लेकिन इससे उनकी निजी जिंदगी के साथ ही करियर पर भी बुरा प्रभाव पड़ा और वह लंबे से किसी प्रोजेक्ट में नजर नहीं आए हैं। अब चर्चा है कि वह जल्दी ही छोटे पर्दे पर वापसी कर सकते हैं।

# आंखों के बेहतर स्वास्थ्य के लिए जरूरी है इन विटामिन्स का सेवन

हमारी आंखें शरीर के सबसे नाजुक अंगों में से एक मानी जाती हैं, ऐसे में इनके विशेष देखभाल की आवश्यकता होती है। आंखों की बाहरी सुरक्षा के साथ इन्हें पर्याप्त मात्रा में अंदुरूनी पोषण भी चाहिए होता है। इसके लिए नियमित रूप से पौष्टिक आहार के सेवन की आवश्यकता होती है। आहार में कुछ विशेष प्रकार के विटामिन्स और खनिज, आंखों को स्वस्थ बनाए रखने के साथ लंबे समय तक रोशनी को बनाए रखने में सहायक होते हैं। इन्हीं विटामिन्स और पोषक तत्वों में कमी को उम्र के साथ आंखों की रोशनी कम होने के प्रमुख कारण के तौर पर जाना जाता है। इस बारे में सभी लोगों को सतर्कता बरतते रहने की आवश्यकता होती है।



स्वास्थ्य विशेषज्ञ बताते हैं, डायबिटिक रेटिनोपैथी, ग्लूकोमा और मोतियाबिंद जैसी सामान्य स्थितियां आपकी आंखों को प्रभावित कर सकती हैं। इनसे बचाव के उपाय करते रहना आवश्यक होता है। अगर हम अपने दैनिक आहार को ही ठीक कर लें तो आंखों से संबंधित कई तरह की गंभीर समस्याओं के जोखिम को कम किया जा सकता है।

सबसे खास बात आंखों से संबंधित समस्या किसी भी उम्र में हो सकती है, ऐसे में सभी आयु वाले लोगों के लिए उचित पोषण और आंखों की देखभाल करते रहना आवश्यक है। आइए जानते हैं कि आंखों को स्वस्थ रखने के लिए कौन-कौन से विटामिन्स सबसे आवश्यक माने जाते हैं?

## विटामिन-ए का सेवन

विटामिन-ए, आंखों के लिए सबसे आवश्यक पोषक तत्वों में से एक है जो कॉर्निया को स्वस्थ बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। इस विटामिन को रोडोप्सिन का एक घटक माना जाता है, रोडोप्सिन आंखों में एक मौजूद प्रोटीन जो आपको कम रोशनी में देखने की सुविधा देता है। पत्तेदार हरी सब्जियां, गाजर, शकरकंद, कद्दू, टमाटर, लाल शिमला मिर्च, खरबूजा और आम से इसे आसानी से प्राप्त किया जा सकता है।

## विटामिन ई वाली चीजों का सेवन

विटामिन-ए की ही तरह आंखों को स्वस्थ बनाए रखने के लिए विटामिन-ई वाली चीजों का सेवन करते रहना भी बहुत आवश्यक माना जाता है। माना जाता है कि आंखों से संबंधित कई समस्याएं ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस से जुड़ी होती है। विटामिन-ई शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट है जो आपकी कोशिकाओं को ऑक्सीडेटिव स्ट्रेस के कारण होने वाली समस्याओं से सुरक्षित रखने में सहायक है। सूरजमुखी और सरसों का तेल, बादाम, मूंगफली, चुकंदर और पालक में इसकी पर्याप्त मात्रा पाई जाती है।

## विटामिन-सी भी जरूरी

विटामिन ई की तरह, विटामिन सी भी शक्तिशाली एंटीऑक्सिडेंट है जो आपकी आंखों को हानिकारक मुक्त कणों से बचा सकता है। आंखों को स्वस्थ रखने और कई तरह की समस्याओं के जोखिम को कम करने में इस विटामिन वाली चीजों का नियमित सेवन करना फायदेमंद माना जाता है। खट्टे फल जैसे संतरे और नींबू, काली मिर्च, स्ट्रॉबेरीज, ब्रोकली आदि के सेवन से इसकी पूर्ति की जा सकती है।

## विटामिन बी6 और बी9

आंखों को स्वस्थ बनाए रखने के लिए शोधकर्ता विटामिन बी6, बी9 वाली चीजों के सेवन पर भी जोर देते हैं। विटामिन का यह संयोजन होमोसिस्टीन के स्तर को कम कर सकता है। होमोसिस्टीन, शरीर में मौजूद एक प्रोटीन है जिसकी अधिकता सूजन और एज रिलेटेड मैक्युलर डिजनरेशन विकसित होने का खतरा बढ़ सकती है। मछली, मूंगफली, सोयाबीन, गेहूं और जई आदि से इन विटामिन्स की पूर्ति की जा सकती है।

# लड़की को इम्प्रेस करने के आसान तरीके, पहली ही डेट पर बन जाएगी बात

रिलेशनशिप में आने पर या रिश्ता बनने से पहले एक दूसरे को समझने के लिए कपल डेट पर जाते हैं। पहली डेट हर लड़का अपनी पार्टनर के लिए खास बनाना चाहता है। ऐसे में कई बार पहली डेट पर जाने से पहले लड़कों के मन में कई सवाल होते हैं, साथ ही उत्साह, डर और नर्वस भी हो जाते हैं। आपकी पहली डेट रिलेशनशिप को लेकर कई संदेह स्पष्ट कर देती है। जैसे लड़की आपको पसंद करेगी या नहीं, क्या रिलेशनशिप को आगे बढ़ाना चाहेंगी या फिर एक डेट के बाद ही आपके रास्ते अलग हो जाएंगे? इस तरह के कई सवालों के साथ आप पहली डेट पर जाते हैं। अपनी तरफ से तो आप पूरी कोशिश करते हैं कि गर्लफ्रेंड को पहली ही डेट में इम्प्रेस कर दें। हालांकि एक्साइटमेंट में लोग जाने अनजाने कुछ ऐसी छोटी -छोटी गलतियां कर देते हैं तो आपके रिलेशनशिप को आगे बढ़ने से पहले ही बिगाड़ देती हैं। पहली डेट पर लड़की को इम्प्रेस करना हो तो लड़के को कुछ बातों का खास ध्यान रखना चाहिए।



**जल्दबाजी न करें:-** अक्सर लड़के रिलेशनशिप को लेकर जल्दबाजी करते हैं। पहली ही डेट पर वह ऐसा व्यवहार करते हैं जैसे उनका रिश्ता एकदम कंफर्म है। ऐसा न करें। लड़की को मौका दें कि वह भी इस रिश्ते के बारे में खुलकर विचार करें। उसपर अपनी भावनाओं का दबाव न बनाएं। जल्दबाजी करने से लड़की के सामने आपका इंप्रेशन खराब हो सकता है। वह आपको डोमिनेटिंग समझ सकती हैं।

**दोस्ती बढ़ाएं:-** पहली डेट पर लड़की को असहज महसूस न होने दें। गर्लफ्रेंड की तरह ट्रीट करने के बजाए दोस्तों की तरह व्यवहार करें। लड़की से ऐसे बात करें कि वह आपकी दोस्त है और आपके सामने सहज हो सकती है। सीधे प्रपोज न करके दोस्ती का हाथ बढ़ाएं।

**जबरदस्ती न करें:-** लड़की को डेट पर ले जाएं तो उससे पूछ लें कि क्या वह उस जगह पर सहज है। उनकी राय और पसंद के बारे में आपको पता होना चाहिए। खाने पीने की चीजों या अन्य किसी भी बात के लिए उनसे जबरदस्ती न करें। लड़की को डेट पर अपने मन का करने दें।

**सोच समझकर पूछें सवाल:-** लड़की से ऐसे सवाल न पूछें, जिसमें वह असहज महसूस करें। जैसे उनके एक्स या क्रश के बारे में सवाल न करें। परिवार के बारे में बहुत ज्यादा सवाल न पूछें। लड़की की सैलरी और खर्चों पर सवाल या कमेंट न करें। आपको जानने का प्रयास करें। उनकी पसंद न पसंद पर सवाल कर सकते हैं।

**दिखावा न करें:-** पार्टनर को इम्प्रेस करने के चक्कर में झूठ न बोलें। दिखावा भी न करें। जैसे आपकी सैलरी कितनी ज्यादा है। आप कितने अच्छे और इम्प्रेसिव हैं, ऐसी बातों का बखान न करें। शो ऑफ करने के चक्कर में आपकी इमेज खराब हो सकती है।

# Ranveer Vs Wild: रणवीर सिंह ने शो को मिल रही प्रतिक्रिया पर जताई खुशी, कहा- ये बेहद रोमांचक था

बॉलीवुड अभिनेता रणवीर सिंह हाल ही में अपने पहले ओटीटी शो रणवीर वर्सेस वाइल्ड विद बियर ग्रील्स में नजर आए। नेटफ्लिक्स के इस स्पेशल इंटरेक्टिव शो को दुनिया भर में लोगों से काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। दर्शकों द्वारा अपने पहले नॉन फिक्शन शो को मिल रहे प्यार पर अभिनेता ने खुशी जाहिर की है। एक्टर ने इस पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मैंने व्यक्तिगत रूप से सोचा था कि यह बहुत अच्छा है और मैं वास्तव में खुश हूं कि यह दर्शकों से अच्छी प्रतिक्रिया हासिल कर रहा है।



अभिनेता ने आगे कहा कि यह मेरे लिए एक प्रयोग था और मैं इस बारे में अनिश्चित था कि यह काम करेगा या नहीं। ईमानदारी से कहूं तो नेटफ्लिक्स और बानीजे के लोग मुझसे ज्यादा आश्वस्त थे। लेकिन जब हम बाहर गए और हमने इसे शूट किया तो परिणाम देख मैं भी हैरान था। इससे मेरा भी भरपूर मनोरंजन हुआ। पद्मावत अभिनेता रणवीर ने हाल ही में एक इंटरव्यू में निर्माताओं से इस शो के बारे में सुनने के बाद अपनी पहली प्रतिक्रिया भी साझा की।

रणवीर ने कहा मुझे याद है कि कमरे में बानी जे और नेटफ्लिक्स की टीमों के इस शो पर प्रतिक्रिया देते हुए मैंने कहा था कि इसमें सभी नौरस है। इसमें हास्य, भावना, रोमांच, रहस्य, रोमांस है। उन्होंने कहा मैं वास्तव में खुश हूं कि मेरे लिए उन्होंने जो प्रयोग किया वह इतना अच्छा काम कर रहा है। इस दौरान रणवीर से यह सवाल भी पूछा गया कि करियर के ऐसे समय में उन्होंने एक नॉन फिक्शन शो करने का विकल्प क्यों चुना।

इसका जवाब देते हुए रणवीर ने कहा जब मुझे यह शो दिया गया तो मैं कुछ ऐसा करने के लिए बहुत उत्साहित था, जो पहले कभी नहीं किया या पहले कभी देखा नहीं गया। यह मुझे अपनी ओर आकर्षित करता है। जीवन में मेरा झुकाव जोखिम लेने की ओर है। मैं कुछ ऐसा करने की कोशिश कर रहा था जो पहले कभी नहीं किया था और यह शो वही था, जो इसके बारे में रोमांचक था। इस दौरान अभिनेता ने जंगल किंग के नाम से मशहूर बियर ग्रिल्स के साथ काम करने के अपने अनुभवों को भी साझा किया।

रणवीर ने कहा मेरा पहला विचार यह था कि जंगल में जाना कितना अच्छा होगा। कुछ ऐसा जो पहले कभी नहीं किया था। मैं बहुत आभारी हूं कि इस दौरान मेरे साथ बियर ग्रिल्स थे। उनसे सीखने के लिए बहुत कुछ है। यह शो और अनुभव बियर के बिना कुछ भी नहीं है। वर्क फ्रंट की बात करें तो 37 वर्षीय अभिनेता जल्द ही जैकलिन फर्नांडिस और पूजा हेगड़े के साथ रोहित शेट्टी की फिल्म 'सर्कस' में दिखाई देंगे। यह फिल्म इस साल क्रिसमस पर रिलीज होगी। इसके अलावा रणवीर सिंह अभिनेत्री आलिया भट्ट के साथ अपनी फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में भी दिखाई देंगे।

दुर्ग, सुपेला और कोहका प्रतिष्ठित संस्थान
विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Pankaj Mobile
Tata Play Connection Available
All Accessories & General Electricals Items
All Types Recharge & DTH, FastTag Recharge
Pankaj Umbre-
Mo.- 9993240894, 7987806710
Shop No.- 4, Jugnu Dera Complex, Adarsh Nagar, Potia Road, Durg (C.G.)

SHRI SAI
COMMERCE COACHING
A Complete Commerce Solution
ONLINE CLASS
XI[th] XII[th] B.COM
CA/CS/CMA
Registration Open
KHOOBI SIR- Director
Sirsa Road, Kohka, Bhilai, Mo.-98935-82241
www.shri.sai.commercecoaching.com

YOGESH COMPUTER
Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame
Mo-9893342971
7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road
Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

Paul Sir
BANK P.O. & CLERK, MBA, RLY., SSC.
रामा कोचिंग
135,NEW CIVIC CENTER,
Bhilai Ph. 0788-6560005

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है
मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

## खास खबर

### कलेक्टर और पुलिस अधीक्षक ने की जिले में कानून व्यवस्था की समीक्षा

**बालोद।** जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गौरव कुमार सिंह और पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र कुमार यादव ने आज वर्चुअल माध्यम से जिला प्रशासन एवं पुलिस विभाग के संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर जिले में कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि नागरिकों को बेहतर प्रशासनिक सुविधा देना जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन दोनों का दायित्व है। इस हेतु उन्होंने जिला प्रशासन और पुलिस विभाग के अधिकारियों को आपसी समन्वय स्थापित कर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि सप्ताह में राजस्व और पुलिस विभाग के समन्वय से ग्रामों में चैपाल लगाकर आमजनों की समस्याओं को सुनें व उनका त्वरित निराकरण करें। उन्होंने असामाजिक तत्वों पर सतत् निगाह रखने के भी निर्देश दिए। इसमें किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर उन्होंने पुलिस विभाग द्वारा किए जा रहे गश्त को सतत् रूप से जारी रखने के निर्देश दिए।

### पुसौर में सफाई एवं वृक्षारोपण महा अभियान

**रायगढ़।** जनपद पंचायत पुसौर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री महेश पटेल के मार्गदर्शन में आज जनपद पंचायत पुसौर के भवन एवं परिसर में सफाई अभियान चला कर समस्त भवनों के दस्तावेज को साफ-सफाई कर व्यवस्थित रूप से रखा गया एवं रिक्त प्रांगण में अनावश्यक रूप से उगे घास एवं पेड़ पौधों को जनपद पंचायत के कार्यरत समस्त कर्मचारियों ने साफ-सफाई में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत परिसर में वृक्षारोपण का कार्य भी किया गया। इस महा अभियान में जनपद पंचायत पुसौर को साफ एवं स्वच्छ रखने के लिए कार्य योजना पर भी विचार किया गया। इसके अंतर्गत रिक्त परिसर में सजावटी बागवानी वाले पौधे लगाने की सहमति दी गई। साफ-सफाई में विशेष योगदान देने वाले जनपद पंचायत में पंचायत विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, चतुर्थ श्रेणी के भृत्य कर्मचारियों को इस अभियान में बढ़ चढ़ कर भाग लेने एवं सफल बनाने के लिए स्मृति चिन्ह मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री महेश पटेल के द्वारा दिया गया।

# शकुन्तला विद्यालय के 'हरित आभा' प्रांगण में मनाया गया पर्यावरण महोत्सव

### अष्टगंधा, अपराजिता, नीबू औषधीय वृक्षों का किया गया रोपण

श्रीकंचपथ न्यूज

भिलाई। मेघ श्रंखला झर-झर आए, वन महोत्सव धरा मनाए इस वाक्य को चरित्रार्थ करने 08 जुलाई 2022 को 'शकुन्तला विद्यालय के 'हरित आभा' प्रांगण में पर्यावरण महोत्सव मनाया गया। प्रार्थना सभा में गायत्रीमंत्र के पश्चात वनदेव को श्रद्धानमित होते हुए शीर्ष प्रभारी के साथ अन्य प्रभारीगण ने अष्टगंधा, अपराजिता, नीबू आदि औषधीय वृक्षों का रोपण किया।



डायरेक्टर संजय ओझा और शाला प्राचार्य विपिन कुमार को 'वृक्षपात्र' अर्पित कर अभिनंदन किया गया। इसीक्रम में विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों हर्ष साव, अंकित चौबे, मयंक ओझा, फिरदौस सदब को प्रतिस्पर्धा में उच्च स्थान प्राप्त करने के लिए 'पौधे' देकर सम्मानित किया गया। शाला के विद्यालयों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किया जिसमें कौटिल तिवारी, रितिका यादव, राम और फातमा ने 'रंग-रंग के देतु फल फूल, पेड़ काटकर करें न भूल' का प्रेरणादायी संदेश दिया। छोटी कक्षाओं के विद्यार्थियों ने वन-प्रकृति की विविध पोशाकों से वनवाटिका प्रस्तुत की। उत्सव को सुरीला रूप कक्षा 3 से 8वी की छात्राओं के समूह गीत ङ्क हरी-हरी वसुन्धरा से मिला। युग यादव और शिवानी भगत ने पर्यावरण सरंक्षण से जुड़ी अभिव्यक्ति दी। नृत्स भंगिमाओं से सभी का मनमोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम की पूर्णता के बाद ग्रुप ऑफ स्कूल्स के डायरेक्टर संजय ओझा ने पर्यावरण महोत्सव की बधाई देते हुए इस उत्सव का महत्व समझाया। उन्होने कहा-'बड़े करेगें जब यह काम, बच्चे देगें इस पर ध्यान' इस चैत्सन्य श्रृंखला से सबको जोड़ा। साथ ही बच्चों में प्रकृति व पेड़ संरक्षण को प्रेरित करने हेतु पर्यावरण संरक्षण पुरस्कार की घोषणा की। वन संरक्षण के उत्सव में मुख्य अतिथि के साथ विद्यालय के एडवाइजर गजेन्द्र भोई, प्राचार्या आरती मेहरा (शकुन्तला विद्यालय क्र-2), मैनेजर ममता ओझा (शारदा विद्यालय रिसाली सेक्टर), उपप्राचार्या जी. रंजना कुमार, अनिता नायर, हेड मिस्ट्रेस अर्चना मेश्राम, सीनियर मिस्ट्रेस बलजीत कौर, प्रभारी एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकायें भी वन महोत्सव में पौधो के रोपण में भागीदार बने। छात्रा खुशबू राजपूत और साबिया ने मंच संचालन किया। आभार प्रदर्शन की भूमिका रजनी तिवारी ने निभाई। कक्षा 12वीं के अंकित चौबे ने प्रकृति संरक्षण के लिए शपथ ग्रहण कराई। राष्ट्रगान के साथ यह हरित उत्सव पूर्ण हुआ।

# अब छत्तीसगढ़ में घर बैठे करा सकेंगे हाइपोथीकेशन टर्मिनेशन

श्रीकंचपथ न्यूज

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप परिवहन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में प्रदेश के परिवहन विभाग द्वारा प्रदान की जा रही सुविधा 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' को और सुदृढ़ एवं सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसके तहत अब हाइपोथीकेशन से संबंधित सभी सेवाओं को फेसलेस कर दिया गया है। प्रदेशवासी अब घर बैठे हाइपोथीकेशन (एचपी) से जुड़ी सभी सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। करीब 75 बैंकों, वित्तीय संस्थानों और गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों (एनबीएफसी) को अपनी हाइपोथीकेशन (एचपी) सेवाओं के साथ एकीकृत कर दिया गया है।



परिवहन आयुक्त दीपांशु काबरा ने जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत हाइपोथिकेशन जोड़ने और समाप्ति के संबंध में आरटीओ कार्यालय में कोई भौतिक दस्तावेज नहीं लिया जाएगा। बैंकों और ऋण देने वाली संस्थाओं को आधार कार्ड से जुड़े मोबाइल नंबर पर प्राप्त ओटीपी के माध्यम से सभी दस्तावेजों और एनओसी को सॉफ्टवेयर के माध्यम से डिजिटल रूप से जमा करना होगा, जिससे भौतिक हस्ताक्षर की आवश्यकता न पड़े।

वाहन स्वामी के द्वारा एक बार जब बैंक में ऋण दे दिया जाएगा या भुगतान कर दिया जाता है, तो डेटा सीधे बैंक द्वारा वाहन डेटाबेस में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। परिवहन विभाग द्वारा एचपीटी सेवा को सत्यापित और अनुमोदित करने का कार्य सॉफ्टवेयर के माध्यम से स्वतः हो जाएगा। आवेदकों को अपने बैंकों से फॉर्म-35 तथा एनओसी प्राप्त करने और इन दस्तावेजों को अपलोड करके हाइपोथेकेशन टर्मिनेशन के लिए परिवहन विभाग में आवेदन करने की कोई आवश्यकता नहीं है। एचपी के ऑटो-टर्मिनेशन के बाद एमपरिवहन और डिजिलॉकर पर अपडेटेड रजिस्ट्रेशन सर्टिफिकेट (आरसी) उपलब्ध करा दिया गया है। वाहन मालिकों को एक एसएमएस के माध्यम से अपने एचपी के ऑटोमेटिक हटाने के बारे में भी सूचित किया जाता है। परिवहन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर द्वारा 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' के सुव्यवस्थित संचालन के लिए निरंतर निगरानी रखी जा रही है। परिवहन विभाग द्वारा संचालित 'तुंहर सरकार तुंहर द्वार' योजना लोगों की सुविधा के लिए एक महत्वपूर्ण योजना है। परिवहन विभाग से संबंधित जनसुविधाएं इतनी सहजता से घर बैठे मिलने से लोगों को अब बार-बार परिवहन विभाग के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ती। इसके चलते आवेदकों के समय और धन की बचत होगी।

'इसके तहत केवल एक साल से कम की अवधि में 11 लाख से अधिक स्मार्ट कार्ड आधारित पंजीयन प्रमाण-पत्र और ड्राइविंग लायसेंस आवेदकों के घर भेजे जा चुके हैं। इनमें 07 लाख 50 हजार 934 स्मार्ट कार्ड आधारित पंजीयन प्रमाण-पत्र तथा 03 लाख 67 हजार 785 ड्राइविंग लायसेंस शामिल हैं। इसमें लोगों को परिवहन संबंधी 22 सेवाएं उनके घर के द्वार पर पहुंचाकर दी जा रही है। जन केन्द्रित इस सुविधा के अंतर्गत लोगों को अब बार-बार परिवहन विभाग का चक्कर लगाने की जरूरत नहीं है। इससे आवेदकों के धन तथा समय दोनों की ही बचत हो रही है।

परिवहन आयुक्त श्री काबरा ने बताया कि परिवहन संबंधी सेवाओं में विस्तार के लिए राज्यभर में परिवहन सुविधा केन्द्र की स्थापना को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीते 26 जनवरी को घोषणा की थी। मुख्यमंत्री श्री बघेल की घोषणा के बाद इस संबंध में प्रक्रिया शुरू की गई। इस दौरान परिवहन सुविधा केन्द्र की स्थापना और भूमिका को लेकर परिवहन विभाग की ओर से प्रारूप तैयार किया गया। इस प्रारूप को अनुमोदित कर आगे की कार्यवाही के लिए प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जारी मार्गदर्शिका के अनुसार राज्यभर में लगभग एक हजार परिवहन सुविधा केन्द्र पूरे राज्य में खोले जा रहे हैं। वहीं परिवहन सुविधा केन्द्रों की स्थापना से करीब पांच हजार युवाओं के रोजगार सृजन की संभावना भी बनेगी।

# यांत्रिकी विभाग में शिरोमणी पुरस्कार समारोह का आयोजन



श्रीकंचपथ न्यूज

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के यांत्रिकी विभाग के अंतर्गत यांत्रिकी एवं शॉप्स विभागों में षिरोमणि पुरस्कार योजना के अन्तर्गत उत्कृष्ट व अनुकरणीय कार्य संपादित करने वाले विभाग के कर्मचारियों को शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दिनांक 09 जुलाई 2022 को आयोजित शिरोमणी पुरस्कार समारोह में 13 कार्मिकों को पुरस्कृत किया गया।

सर्वश्री राकेश कुमार गढपायले, बिरेद्र कुमार पैकरा, उमाकांत चिन्दुजी कुम्भरे तथा ललित कुमार यादव को पाली शिरोमणी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इसी क्रम में बुध प्रकाश, जितेन्द्र सिंह भारद्वाज, रमाकान्त पेठे, राजकुमार साहू, बलराम देवांगन, जगन सिंह सिहारे, रविन्द्र कुमार चन्देल, रमेश कुमार वर्मा एवं गिरधारी राम बडई को कर्म शिरोमणी पुरस्कार से नवाजा गया। पुरस्कृत कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र, स्मारिका, पत्नि के नाम प्रशंसा पत्र एवं मिठाई का कूपन प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि मुख्य महाप्रबंधक (यांत्रिकी), संजय कुमार गजभिये ने अपने उदबोधन में सभी पुरस्कृत होने वाले कार्मिकों को बधाई देते हुए कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र को ऊँचाईयों तक पहुंचाने में कार्मिकों का महत्वपूर्ण योगदान है। साथ ही उनकी पत्नियां जो उन्हें परोक्ष रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए कार्यस्थल पर भेजती है उनका भी योगदान सराहनीय है। कार्मिकों को उनके द्वारा किये गये महत्वपूर्ण कार्यों के एवज में पुरस्कृत करने से वे अधिक खुशहाल एवं सुरक्षित ढंग से अपने कार्यस्थल पर पूरे जोश एवं ध्यान से कार्य करने हेतु प्रेरित होते है। इसका सीधा प्रभाव संयंत्र के उत्पादकता व गुणवत्ता पर पड़ता है तथा कार्मिकों का मनोबल एवं आत्म विश्वास ही सेल को ऊँचाइयों की ओर ले जाता है। साथ ही उन्होंने पुरस्कृत होने वाले कार्मिकों को अपने अनुभवों को अन्य कार्मिकों के साथ साझा करने पर जोर दिया। शिरोमणी पुरस्कार योजना कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य संयंत्र में कार्मिकों का कार्यस्थल में नवीनता, संसाधनों का बेहतर उपयोग, संगठनात्मक उद्देश्यों को पूरा करने के लिए उच्चतम स्तर के सुरक्षा मानकों को बनाए रखते हुए तकनीकी/प्रक्रियात्मक अनुशासन का पालन कर असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले कर्मठ कार्मिकों को पहचान देने के लिए प्रारंभ की गई है। जिसके तहत कर्म शिरोमणी पुरस्कार प्रत्येक माह में एवं पाली शिरोमणी पुरस्कार प्रत्येक तिमाही में श्रेष्ठ प्रदर्षन करने वाले कार्मिकों का चुनाव कर प्रदान किया जाता है। यह पुरस्कार प्राप्त कर कार्मिक संयंत्र में सदा स्वप्रेरित होकर अपना कार्य सुरक्षित एवं बेहतर तरीके से करने हेतु प्रोत्साहित होते है।

### ट्रांसपोर्ट नगर में सड़क व नाली निर्माण की धीमी रफ्तार पर बरसे महापौर

# काम की गति तेज नहीं किया तो धरोहर राशि राजसात करने की दी चेतावनी

### खुले में विचरण करने वाले पालतू मवेशियों को ले जाया जाएगा गोठान

श्रीकंचपथ न्यूज

भिलाई-3। महापौर निर्मल कोसरे हथखोज के ट्रांसपोर्ट नगर में चल रहे सड़क व नाली निर्माण की धीमी रफ्तार को लेकर ठेकेदार पर बरस पड़े। दो बार नोटिस जारी करने के बाद भी काम की गति नहीं बढ़ाने पर महापौर ने ठेकेदार को जमकर फटकार लगाई।



अब भी यही रवैया बने रहने पर उन्होंने ठेकेदार की धरोहर राशि को राजसात करने की चेतावनी दी। उन्होंने खुले में घूमने वाले पालतू मवेशियों को शीघ्र ही अभियान चलाकर निगम के गोठान में रखने की बात कही है। महापौर निर्मल कोसरे हर रविवार की तरह आज भी साइकिल भ्रमण पर निकले। उन्होंने अपने सफर की शुरुआत वसुंधरा नगर निवास से की। इस दौरान वे उमदा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, जरवाय, अकलोरडीह, हथखोज बस्ती, इंदिरा नगर हथखोज और ट्रांसपोर्ट नगर गए। ट्रांसपोर्ट नगर में निगम द्वारा सड़क व नाली का निर्माण कराया जा रहा है। इस काम की धीमी रफ्तार को देख महापौर निर्मल कोसरे ने ठेकेदार पर नाराजगी जताई। उन्होंने पिछले दो नोटिस का हवाला देकर चेतावनी भरे लहजे में कहा कि इस बार काम तेज नहीं हुआ तो ठेकेदार द्वारा जमा किए गए धरोहर राशि को राजसात करने की कार्रवाई होगी।

साइकिल भ्रमण के दौरान महापौर को लोगों ने पालतू मवेशियों के खुले में घूमने से हो रही दिक्कत की ओर ध्यानाकर्षण कराया। महापौर ने मवेशी पालकों को अपने मवेशियों को बांध कर रखने की समझाइश दी। अगर वे ऐसा नहीं करते हैं तो निगम द्वारा मवेशियों को पकड़कर गोठान में छोड़ा जाएगा। महापौर ने औद्योगिक क्षेत्र के उद्योग संचालकों से अपने खाली जमीन पर सौ - सौ पौधे लगाकर उसका वृक्ष बनने तक संरक्षण करने को कहा है। इसके अलावा महापौर ने चरोदा के काली मंदिर से उमदा हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी तक बन रही सड़क के दोनों ओर उद्योग संचालकों से पौधा लगाकर ट्री गार्ड से सुरक्षित रखने में योगदान देने की बात कही है।

इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मनोज मढ़रिया, एमआईसी मोहन साहू, एस. वेंकट रमना, पार्षद भूपेंद्र वर्मा, पूर्व पार्षद आशीष वर्मा, बहलराम साहू, मिलिंद दानी, एम. बाबू, एम. हरिप्रसाद, संजय चन्द्राकर, संजु वर्मा, राकेश बंछोर सहित संबंधित वार्ड के नागरिक, उद्योगपति और ट्रांसपोर्टर उपस्थित थे।































## खास-खबर

### कार ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, मौत

**महासमुंद ( ए )।** राष्ट्रीय राजमार्ग- 53 झलप चौक छिलपावन चौखड़ी के पास कार की टक्कर से स्कूटी सवार की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं कार में सवार तीन को चोट आई है। शनिवार घटना दोपहर की है। बता दें कि झलप बस स्टैंड के पास आए दिन सड़क हादसे हो रहे हैं। ज्यादातर हादसे रोड क्रास करने के दौरान होते हैं। इससे पूर्व 2 जुलाई को भी एक बाइक सवार व उसकी दादी की सड़क हादसे में मौत हो गई है। लगातार हादसे को एनएच व पुलिस विभाग नियंत्रण नहीं कर पा रहा है। महीने में10 से 15 एक्सीडेंट इस जगह होते हैं।

इधर, जंघोरा नाला के पास भी एक सड़क हादसा हुआ है, जिसमें चार पहिया कार लंबी उछाल मारते हुए खेत में गिरी। इससे सवार पांच को चोट आई है। ये सभी ग्राम जंघोरा पिथौरा के रहने वाले हैं। पुलिस के अनुसार झलप चौक छिलपाव चौकड़ी में जो, हादसा हुआ है उसमें दाबपाली के उदेराम ध्रुव की मौत हो गई है। वहीं अपनी स्कूटी क्रमांक सीजी 06 जीक्यू 9172 में सवार था। वह स्कूटी से रोड क्रास कर रह रहा था, उसी समय पिथौरा से रायपुर की ओर जा रही कार क्रमांक सीजी के चालक ने तेज रफ्तार चलाते हुए टक्कर मार दी और आगे जाकर कार पलट गई।

### गाड़ी चालक से लूट मामले में चार लोग गिरफ्तार हुए

**महासमुंद ( ए )।** बरगढ़ टाउन पुलिस ने सुशांत नायक नाम के एक ड्राइवर से पैसे लूटने की शिकायत पर 4 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी स्थानीय खजूरटिकरा निवासी सोनू प्रधान, अत्ताबिरा के विकास बाग, बरगढ़ देवगांव के आशिष भोई व बरगढ़ टाउन थाना अन्तर्गत बनमाल के नवीन साहू है। आरोपियों के पास से एक पिस्तौल सहित कई जानलेवा हथियार भी बरामद हुए हैं।

पुलिस ने बताया कि ड्राइवर सुशान्त नायक 6 तारीख की रात डांग चौक के पास एक गोदाम से लहसुन लादकर ट्रक से कटक की ओर रवाना हुआ था। रात करीब 11.45 बजे एक सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार ने उसका रास्ता रोका। उसमें सवार आरोपियों ने ड्राइवर के साथ गाली गलौज करने के साथ ही उसे बन्दूक दिखाकर उससे 4 हजार रुपए, एटीएम कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस और अन्य कागजात लूट लिए।

इस पर ड्राइवर ने थाने में शिकायत की। पुलिस ने एक स्वतंत्र टीम का गठन कर आरोपियों को धर दबोचा और उनके पास से लूट के सारे पैसे व अन्य सामान जब्त कर लिए।

# खाना खा रहे दंपति की गोली मारकर हत्या

## पति के माथे और पत्नी की कनपटी पर मारी गोली

**जशपुर (ए)।** जशपुर में शनिवार देर रात बदमाशों ने पति-पत्नी की गोली मारकर हत्या कर दी। पति के माथे पर और पत्नी की कनपटी पर गोली मारी है। बताया जा रहा है कि बदमाशों ने पहले शराब के लिए पूछा, फिर दोनों को गोली मार दी। वारदात के दौरान दंपति खाना खा रहे थे। हत्या के बाद बदमाश वहां से भाग निकले। सूचना मिलने पर रविवार सुबह पुलिस पहुंची। अभी तक हत्यारों का सुराग नहीं लगा है। मामला दोकड़ा चौकी इलाके का है।



जानकारी के मुताबिक, जयमुंडा नवाटोली गांव निवासी दंपति संदीप पन्ना और उसकी पत्नी द्रोपदी शनिवार रात करीब 10.30 बजे खाना खा रहे थे। इसी दौरान तीन लोग पैदल ही उनके घर पहुंचे। बताया जा रहा है कि बदमाश घर के अंदर घुस गए और देशी शराब की मांग करने लगे। संदीप ने शराब होने से मना किया तो बदमाश उसे पकड़ कर घर से बाहर ले गए और माथे के ऊपर गोली मार दी। गोली लगते ही संदीप जमीन पर गिर पड़ा।

गोली की आवाज सुनकर द्रोपदी बाहर की ओर दौड़ी तो हमलावरों ने उसे भी पकड़ लिया। उसे घसीटते हुए आंगन में ले गए और कनपटी पर गोली मार दी। गोली लगने से पति-पत्नी दोनों की मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस को मौके से 9 मिमी का खाली कारतूस बरामद हुआ है। अभी तक हत्यारों को लेकर पुलिस को कोई जानकारी नहीं है।

### इलाके में नाकाबंदी की गई, हत्यारों का सुराग नहीं

पुलिस का कहना है कि जमीन विवाद और अवैध संबंधों के एंगल से भी मामले की जांच कर रहे हैं। इलाके में नाकाबंदी की गई है। बदमाशों का पता लगाया जा रहा है। अभी वारदात का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। यह भी आशंका है कि हत्यारे आदतन अपराधी या दारूबाज हो सकते हैं। हालांकि पिस्टल कहां से आई यह भी जांच का विषय है। मौके से बरामद हुए खाली कारतूस को भी फॉरेंसिक जांच के लिए भेजा जा रहा है।

# नकली इंजन ऑयल बेचने वाला आरोपी गिरफ्तार



**रायपुर ( ए )।** खमतराई थाना पुलिस ने नकली मोबिल आयल बनाने वाली कंपनी में छापा मार कार्रवाई कर आरोपित को गिरफ्तार किया है। नामी कंपनियों के नाम का लेवल लगाकर नकली मोबिल आयल बनाता था। पुलिस ने आरोपित की कंपनी से से करीब 1135 लीटर गुणवत्ताहीन रिफइन नकली इंजन आयल जब्त किया। आरोपित शंकर नगर निवासी अगनदीप छाबड़ा के खिलाफ कापी राइट एक्ट, धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं के तहत अपराध दर्ज कर कार्रवाई की गई। ऑयल और ब्रांडेड कंपनियों के डिब्बे जब्त किए है। ब्रांडेड कंपनियों के डिब्बों में लूज आयल की पैकिंग कर बिक्री का बड़ा खेल करीब तीन महीने से चल रहा था। इसका नुकसान आम जनता को भी उठाना पड़ रहा। उनके गाड़ियों का एवरेज और लाइफ दोनों कम हो रही।

खमतराई थाना प्रभारी सोनल ग्वाला ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई कि थाना खमतराई क्षेत्रांतर्गत अशोक विहार गोंदवारा स्थित गुरु कृपा ट्रेडिंग के संचालक द्वारा नकली इंजन ऑयल बनाकर अलग-अलग नामी कंपनियों के स्टीकर लगाकर ग्राहकों को बिक्री किया जा रहा है। सूचना को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गंभीरता से लेते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए। एंटी क्राइम एवं सायबर यूनिट और थाना खमतराई पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा अशोक विहार गोंदवारा स्थित गुरु कृपा ट्रेडिंग कंपनी में जाकर रेड कार्यवाही किया गया।

रेड कार्यवाही के दौरान गोदाम में एक व्यक्ति उपस्थित मिला जिससे पूछताछ करने पर व्यक्ति ने अपना नाम अगमदीप छाबड़ा तथा स्वयं को ट्रेडिंग कंपनी का संचालक होना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा कंपनी की तलाशी लेने पर कंपनी के गोडाउन से हीरो, बाइजर, मोटो गोल्ड, वेस्को, हाई मसण्ड्स, फीरो, पावर एवं बस्टर के आधा लीटर, एक लीटर और पांच लीटर के डिब्बों सहित आठ ड्रमों में 830 लीटर कुल 1135 लीटर गुणवत्ताहीन रिफाईन नकली इंजन आयल होना पाया गया।

### ग्रामीण क्षेत्रों में कम दम पर सप्लाई

मिली जानकारी के अनुसार आरोपित ग्रामीण क्षेत्रों में आयल की सप्लाई करता था। कम दम में भी दुकान संचालकों को उपलब्ध करवाता है। मोटर मैकेनिक को भी इसका फायदा हो रहा था। जिससे वे ज्यादा से ज्यादा मात्रा के खरीद लेते थे।

### यह होता है नुकसान

नकली आयल में ल्बूरीकेट्स (चिकनाई) कम होता है। इससे इंजन गरम होता है। इंजन को पाट्र्स गर्म होते हैं। इससे क्लच प्लेट चिपक जाती हैं। हाफ सेंटर कट जाता हैं कभी-कभी तो इंजन पूरी तरह सूख जाता है, जिससे इंजन ड्राय हो जाता है।

### इंजन एक महीने में ही सील हो जाता है

बाइक की सर्विस के दौरान यदि नकली इंजन ऑयल डाल दिया जाए तो वाहन का इंजन एक माह के अंदर ही सील हो जाता है। इससे लोग ठगी का शिकार होते हैं। नकली आयल से बाइक सहित अन्य छोटी-बड़ी गाड़ियों के इंजन खराब हो रहे हैं। अक्सर लोगों का ध्यान इंजन में डाले गए नकली ऑयल पर नहीं जाता है। वह वर्तमान स्थिति में गाड़ी ठीक कराने की सोचते हैं।

### जागरूक हों, शिकायत करें

यदि ग्राहक किसी भी ब्रांडेड कंपनी का इंजन आयल लेते हैं तो उसका एक क्याआर कोड होता है। यह ढक्कन व डिब्बा पर भी होता है। इसे स्केन करते ही उसका सीरियल नंबर आ जाता है। वहीं निकली डिब्बे का क्यूआर कोड स्केन नहीं होता। लोग थोड़ी सतर्कता बरते तो नकली ऑयल की खरीदी से बच सकते हैं। यदि उन्हें किसी तरह का संदेह है तो वे इसकी शिकायत कर सकते हैं।

# अश्लील तस्वीरों से सरकारी अधिकारी को जाल में फंसाया, फिर मांगे एक करोड़ रुपये, आरोपी गिरफ्तार

**नागपुर/रायपुर।** नागपुर पुलिस की एंटी एक्टॉर्शन सेल ने नागपुर नगर निगम के चीफ फायर ऑफिसर (सीएफओ) को ब्लैकमेल करने के आरोप में 27 साल के एक युवक को गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि आरोपी ने सीएफओ के निजी फोटोग्राफ और वीडियो ले लिए थे, जिसके एवज में वह एक करोड़ रुपये की मांग कर रहा था।



### छत्तीसगढ़ से ताल्लुक रखता है आरोपी

पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान अमित सोनी के रूप में हुई। वह छत्तीसगढ़ के राजनंदगांव का रहने वाला है। इस वारदात को अंजाम देने में उसकी पत्नी भी मदद कर रही थी, जिसके चलते उसके खिलाफ भी केस दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी जिस अधिकारी को ब्लैकमेल कर रहा था, वह उसका ही रिश्तेदार है।

### आरोपी ने ऐसे बिछाया था जाल

पुलिस ने बताया कि आरोपी अमित ने सीएफओ से संपर्क किया था। अमित ने सीएफओ से कहा था कि उसके पास वे फोटोग्राफ और वीडियो हैं, जो सीएफओ ने उसकी पत्नी को भेजे थे। अमित ने कहा कि अगर वह चाहता है कि इन फोटो व वीडियो को सीएफओ के परिजनों और दोस्तों को न भेजा जाए तो वह एक करोड़ रुपये दे दे।

बताया जा रहा है कि अमित और सीएफओ के बीच इस मामले को लेकर समझौता भी हो गया था। सीएफओ उसे 70 लाख रुपये देने के लिए तैयार था और उसने पहली किस्त के रूप में 28 लाख रुपये देने की हामी भी भर ली थी। हालांकि, वह अमित के बार-बार ब्लैकमेल करने से परेशान हो गया और क्राइम ब्रांच को मामले की जानकारी दे दी। पुलिस ने अमित को उस वक्त गिरफ्तार किया, जब वह सीएफओ से पैसे ले रहा था। पुलिस ने अमित और उसकी पत्नी के खिलाफ केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

# नकली पुलिस बनकर चालान काटने वाले 3 गिरफ्तार

**महासमुंद ( ए )।** सरायपाली पुलिस ने एनएच 53 ग्राम चट्टीगिरोला व भोथलडीह के बीच नकली पुलिस बनकर चालकों की चालानी काट रुपए वसूली करने वाले 3 युवक को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए युवक में 2 यूपी व एक राजनांदगांव का रहने वाला है। आरोपियों से पुलिस ने एक नग एके 47 रायफल का जिंदा कारतूस, पुलिस की नेमप्लेट व नीली बत्ती सायरन लगे वाहन को जब्त किया है।

सरायपाली थाना प्रभारी आशीष वासनिक ने बताया कि थाना नकली पुलिस बनकर घटना स्थल में वसूली करने वाले ग्राम सरायगनई थाना कंधई हनुमानगंज जिला प्रतापगढ उत्तर प्रदेश हाल दुबे कालोनी मोवा रायपुर निवासी रविंद्र प्रताप सिंह पिता रणविजय सिंह (32), ग्राम टिकैतनपट्टी पोस्ट सरायआनादेव थाना जठवारा जिला प्रतापगढ उत्तरप्रदेश हाल दुबे कालोनी मोवा रायपुर निवासी वीरजीत देवांगन पिता, भूपेंद्र प्रताप सिंह पिता राजेंद्र सिंह (36) व ग्राम सुकुल दैहान थाना लालबाग जिला राजनांदगांव निवासी शत्रुघन देवांगन (22) को गिरफ्तार किया है।

# साइबर ठगों ने अब यातायात पुलिस के ई-चालान में लगाई सेंध, क्यू आर कोड भेजकर की ठगी

**रायपुर (ए)।** मैं रायपुर कोर्ट से बोल रहा हूं, आपकी गाड़ी का चालान कटा है। यदि आपने पैसे जमा नहीं किए तो गाड़ी जब्त हो जाएगी। ऐसा बोलकर ठगों ने लोगों को शिकार बनाना शुरू कर दिया है। वे क्यूआर कोड भेजकर ठगी कर रहे हैं। आश्चर्य की बात यह है कि इनके नंबर केवल यातायात विभाग के पास हैं। ऐसे में ठगों को ये नंबर कैसे मिला, इसे लेकर रहस्य गहराया हुआ है। अब तक दो लोगों ने क्यूआरकोड से पैसे जमा होने पर ठगी की शिकायत करवाई है।



यातायात विभाग के पोर्टल में चालान अपटेड नहीं होने पर पीड़ितों को ठगी का संदेह हुआ। जानकारी जुटाने पर संदेह सही पाया गया। अब पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। शातिर ठग यातायात नियम तोड़ने पर फाइन जमा करने संबंधित मैसेज भी भेज रहे हैं। इस तरह ठगों ने अब यातायात पुलिस के चालान में सेंध लगाना शुरू कर दिया है। ऐसी शिकायत यातायात विभाग में दो लोगों ने की है।

### नंबर कहां से हो रहे लीक?

पुलिस के लिए ठगी की यह घटना बड़ी समस्या बन गई है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि यातायात विभाग द्वारा नियम को तोड़ने वाले को फोन नंबर पर या फिर डाक के माध्यम से चालान के साथ वाट्सएप या मैसेज के माध्यम से ही सूचनाएं भेजी जाती है। जिस नंबर में मैसेज किए जा रहे हैं, उसकी जानकारी विभाग के पास होती है। ठगों के पास संबंधित नंबरों का पहुंचना जांच का विषय है।

### सावधान रहें, सरकारी नंबर से आता है मैसेज

यातायात पुलिस के अनुसार, ई-चालान सरकारी नंबर से मैसेज किया जाता है। ये नंबर-9479191234 है। इसके अलावा किसी भी नंबर से चालान का मैसेज नहीं किया जाता है। चालान किस वजह से कटा है इसकी जानकारी, फोटो के साथ और किस चौक में हुआ, यह भेजा जाता है।

### ऐसे कर रहे हैं ठगी

शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि मेरे मोबाइल नंबर पर फोन आया। फोन करने वाली एक लड़की थी। जिसने खुद को बिलासपुर कोर्ट का होना बताया और ई-चालान नहीं जमा करने पर बाइक को जब्त करने की बात कही। शिकायकर्ता ने चालान जमा करने की प्रक्रिया के बारे में पूछा। फोन करने वाली लड़की ने वाट्सएप पर क्यूआर कोड भेजा और कहा इसी में स्कैन कर भेज दो। स्कैन करते ही उसके एकाउंट से दो हजार रुपये कट गए। बाद में जब उसने यातायात विभाग से जानकारी प्राप्त की तो पता चला कि उसका चालान पटा ही नहीं है।

''पीड़ित ने चालान के नाम पर ही पैसे पटाए हैं। जिस नंबर से फोन आया था, जानकारी जुटाने साइबर सेल की सहायता ली जाएगी।''

**-सतीश ठाकुर, डीएसपी, ट्रैफिक, यातायात**

# एडवांस जमा करने के बहाने कलाकार से 50 हजार रुपए की ऑनलाइन ठगी

**महासमुंद ( ए )।** भोले-भाले ग्रामीणों के साथ अब छग लोक कलाकारों से साइबर ठगों द्वारा ठगी की जा रही है। ये ठग कार्यक्रम तय करने के बाद एडवांस रुपए डालने के नाम पर ठगी कर रहे हैं। एक ऐसा हीमामला महासमुंद के ग्राम बिरकोनी का है। इधर, कलाकारों का संघ शनिवार को ठगों से राशि वापस दिलाने व कार्रवाई करने की मांग को लेकर कोतवाली थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा है। वहीं कलाकरों ने अपील की है कि इन ठगों से छग कलाकार बचें और एडवांस के बहाने ठगी का शिकार न बने। कोतवाली थाना प्रभारी सिद्धेश्वर सिंह ने बताया कि छग प्रदेश स्तरीय नाचा गम्मत लोक कलाकार कल्याण संघ के पदाधिकारियों ने ठगी के संबंध में जानकारी दी है। बिरकोनी के नाचा पार्टी के एक कलाकार से एडवासं डालने के बहाने उसके खाते से 50 हजार रुपए का आहरण भी ठगों ने किया है।

Authorised For : SOMANY Wall & Floor Tiles
JOHNSON Not just tiles, Lifestyles.
orientbell tiles
All Size of Tiles, Granite and Sanitaries
SHRI BALAJI TILES
Krishna Talkies Road, SBI Building, Opp. Church, Risali, Bhilai-490006 Distt.-Durg (C.G.), Mo.-9518326808
E-mail:- balajitilescg@gmail.com

कार्यालय कलेक्टर (आबकारी),जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

क्रमांक / आब./ सी.एस.एम.सी.एल./2022/439 बेमेतरा, दिनांकः 07/07/2022

// संक्षिप्त निविदा सूचना //

सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह सूचना प्रकाशित की जाती है कि बेमेतरा जिले के 05 देशी/05 विदेशी/06 कम्पोजिट मदिरा दुकानों में लगे हुए सी.सी.टी.व्ही. कैमरा एन.व्ही.आर. एवं उससे संबंध समस्त उपकरणों के वार्षिक अनुरक्षण कार्य के लिए निर्धारित प्रारूप में मोहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है।

निविदा प्रस्तुत करने हेतु आवेदन पत्र का प्रारूप, शर्त एवं जिले की मदिरा दुकानों की सूची, निविदा सूचना प्रकाशन के उपरांत दिनांक 25.07.2022 को अपरान्ह 3:00 बजे तक कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी जिला बेमेतरा (छ.ग.) से निर्धारित शुल्क जमा किया जाकर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा प्रपत्र का मूल्य 500/- रूपये तथा धरोहर राशि 25,000/रूपये निर्धारित है, जो कि किसी राष्ट्रीकृत बैंक से जारी डिमाण्ड ड्राफ्ट के रूप में तथा जिला प्रबंधक, सी.एस.एम.सी.एल. बेमेतरा के नाम से देय हो। विस्तृत निविदा शर्तों का अवलोकन कार्यालयीन समय में कार्यालय के सूचना पटल पर किया जा सकता है। मुहरबंद निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 26.07.2022 को समय सायं 4:00 बजे तक नियत है एवं दिनांक 27.07.2022 को समय सायं 4:00 बजे निविदा मूल्यांकन समिति के समक्ष निविदा खोली जावेगी।

(कलेक्टर महो. द्वारा अनुमोदित)

जिला आबकारी अधिकारी
हेतु कलेक्टर
जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

जी-92828/4

सेक्टर-6 एंव रिसाली के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243

Galaxy Granite
WholeSaler & Retailer
रायपुर से कम दामों में
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाईल्स और ग्रेनाईट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies, Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Coloru etc.
रायपुर रेट पर माल उपलब्ध
Rakesh Sahu 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले,पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
VIP happy journey
AMERICAN TOURISTER
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता: 93003-77572

**खास - खबर**

## राजस्व वसूली में तेजी लाए और शत-प्रतिशत वसूली करें : आयुक्त

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम राजस्व वसूली को लेकर निगम प्रशासन अब सख्ती के मूड में आ गया है। आज को डाटा सेंटर कक्ष में निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे ने राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक की, जिसमें सभी सहायक राजस्व निरीक्षक व उप निरीक्षकों एवं स्पैरो की टीम से संपत्तिकर, जलकर व समेकित कर सहित दुकान किराया वसूली के संबंध में जानकारी ली। वहीं वसूली में तेजी लाने के निर्देश दिए। आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने कर्मचारियों को हिदायत भी दी कि वसूली में किसी तरह की लापरवाही करने पर सीधे कार्रवाई की जाएगी।आयुक्त ने कहा कि राजस्व वसूली में तेजी लाए और शत-प्रतिशत वसूली करें। वसूली के दौरान कर्मचारियों की अनुपस्थिति या फिर काम में किसी तरह की लापरवाही करने पर संबंधित सहायक राजस्व निरीक्षक और उप निरीक्षक पर कार्रवाई की जाएगी। वहीं जिन राजस्व उप निरीक्षकों की वसूली लक्ष्य कम न हो,उन्होंने राशन कार्ड से संबंधित जानकारी लेते हुए कहा कि हितग्राहियो द्वारा पेंडिंग पात्र आवेदनों राशन कार्ड को जल्द पूरा करें। आयुक्त ने करारोपण के संबंध में कहा कि नवनिर्मित मकानों की भवन नजूल विभाग से जानकारी लेकर करारोपण करें, जिससे शत-प्रतिशत राजस्व वसूली हो सके।

## मोबाइल मेडिकल यूनिट शिविर स्थल का आयुक्त प्रकाश सर्वे ने किया निरीक्षणः

**दुर्ग।** नगर पालिक निगम आज निगम आयुक्त प्रकाश कुमार सर्वे ने मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना के तहत संचालित मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से लग रहे स्वास्थ्य शिविर का निरीक्षण करने पोलसाय पारा व लुचकी पारा पहुंचे! उन्होंने चिकित्सकों से दवाइयों के स्टॉक की तथा किस प्रकार की दवाइयों का वितरण अधिक किया जा रहा है की जानकारी ली!उन्होंने निर्देश दिए कि लैब परीक्षण के उपरांत जितनी शीघ्र रिपोर्ट उपलब्ध करा सकें करावे ताकि रिपोर्ट के आधार पर बीमारी के कारणों का पता चल सके और शीघ्र उपचार हो सके व समय पर दवाइयां भी दी जा सके! इससे मरीजों की शीघ्र स्वस्थ होने की संभावना बढ़ेगी! उन्होंने टोकन सिस्टम और बैठक व्यवस्था समुचित तरीके से करने के निर्देश दिए तथा कहा कि चिकित्सीय स्टॉफ अपने निर्धारित समय पर शिविर में मौजूद होवे।

### विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल के निर्देश...

# स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू ने अस्पताल पहुंचकर उल्टी, दस्त से पीड़ितों का जाना हाल

### बेहतर स्वास्थ्य के लिए चिकित्सकों से की चर्चा, कई मरीज स्वास्थ्य उपचार प्राप्त कर लौटे घर

श्रीकंचनपथ न्यूज

भिलाई। भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल के निर्देश पर आज स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू ने उल्टी दस्त से पीड़ित मरीजों का हाल जानने लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल सुपेला पहुंचे। वहां उन्होंने पीड़ितों के स्वास्थ्य को लेकर चिकित्सकों से चर्चा की और बेहतर स्वास्थ्य मुहैया कराने कहा।



वही स्वास्थ्य प्रभारी ने मरीजों से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम पूछा और जल्द स्वास्थ होने की कामना की। कई पीड़ित स्वस्थ होकर घर भी लौट चुके हैं। पीड़ितों में लोकनाथ साहू, लक्ष्मी साहू, मुकेश वर्मा, धनेश्वरी सिदार, ढाल सिंह साहू, लीलाबाई, जीत राम देवांगन एवं ललित श्रीवास आदि है।

इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा एवं जन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना मौजूद रहे। इससे पूर्व स्वास्थ्य प्रभारी ने बारिश से जलभराव की संभावनाओं को देखते हुए शहर का अधिकारियों के साथ जायजा लिया। इधर निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर के निर्देश पर जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर पालिक निगम भिलाई एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम वार्ड 19 रामनगर व राजीव नगर मंत्री बाड़ी पहुंची। उल्टी, दस्त से प्रभावित क्षेत्र का सघन निरीक्षण करते हुए यहां के लोगों को जल जनित बीमारियों की रोकथाम के लिए जागरूक किया गया तथा इससे संबंधित पंपलेट का वितरण किया गया। लोगों को पानी उबालकर, छानकर पीने की अपील की गई। वही कई क्षेत्रों से पानी का सैंपल लेकर जांच के लिए लैब भेजा गया है। निगम की टीम ने शिव मंदिर लाइन, जंघेल भवन, कॉपरेटिव लाइन, ग्राहक सेवा केंद्र के आसपास के सभी घरों में गृहभेट एवं छिड़काव का कार्य किया।

स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि सोडियम हाइपोक्लोराइट के घोल से पानी का उपचार किया जा रहा है। निगम के द्वारा घर-घर क्लोरीन टेबलेट का वितरण किया जा रहा है और 20 लीटर पानी में 1 टेबलेट के अनुपात में संग्रहित किए गए जल पात्र में डाल कर 1 घंटे के बाद सेवन करने की सलाह दी जा रही है। बरसात के मौसम में गर्म एवं ताजा भोजन करने एवं सड़े गले फल, सब्जी भोज्य पदार्थ का सेवन नहीं करने की सलाह भी दी गई। राष्ट्रीय वेक्टर जनित डेंगू, मलेरिया, मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु अपने घरों एवं बाग, बगीचों में बरसाती पानी जमा नहीं होने देने तथा खिड़खियो में लगे कूलर जो उपयोग नहीं किए जा रहे हैं उन्हें उतारकर रखने, घर के सभी टंकी, पात्र जिसमें उपयोग किए जाने हेतु पानी संग्रहित कर रखा जाता है इसे समय-समय पर सफाई करने की सलाह भी दी गई, टेमीफास् का वितरण भी घर-घर किया जा रहा है और इसके उपयोग के तरीके बताए जा रहे है।

ब्लीचिंग पाउडर का भी छिड़काव प्रभावित क्षेत्र में किया गया। प्रभावित क्षेत्र में आज जोन आयुक्त पूजा पिल्ले, प्रभारी कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता, प्रभारी सहायक अभियंता अरविंद शर्मा, उप अभियंता निर्मलकर, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अनिल मिश्रा ने मोहल्ले का भ्रमण कर लोगो को जल जनित बीमारियों के प्रति जागरूक किया।

# भिलाई के शहरी गौठान में महिलाएं मुर्गी पालन का करेंगी व्यवसाय

### रोजगार मूलक गतिविधियां में हो रहा इजाफा, निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर ने शहरी गौठान का किया निरीक्षण



श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** निगमायुक्त लोकेश चंद्राकर ने शहरी गौठान कोसानगर का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां की महिलाओं की रोजगार संबंधी गतिविधियां देखी, महिलाओं द्वारा मछली पालन का व्यवसाय किया जा रहा है, अगरबत्ती निर्माण, फूलों से बने साबुन, फिनाइल आदि का वृहद रूप में महिलाएं व्यवसाय कर रही है गौठान में महिलाएं अब मुर्गी पालन का व्यवसाय करेंगे इसके लिए स्ट्रक्चर तैयार किया जा रहा है, इसकी जानकारी निगम आयुक्त ने अधिकारियों से ली।

मछली पालन देखने तालाब पहुंचे और इस प्रकार के व्यवसाय पर फोकस करने कहा, उन्होंने महिलाओं को निर्देश दिए कि सब्जी उत्पादन गौठान के एक बड़े भूभाग पर करें, ज्यादा मांग और जल्दी ग्रोथ करने वाले सब्जियों का चयन इसके लिए करें। आयुक्त ने गोबर से वर्मी कंपोस्ट बनाने की प्रक्रिया का निरीक्षण किया, वहीं उन्होंने वर्मी कंपोस्ट खाद की क्वालिटी भी देखी।

आयुक्त ने महिलाओं के कार्य की सराहना की तथा और भी गतिविधियों को जोड़ने व रोजगार तथा आय प्राप्त करने के सुझाव दिए वहीं उन्होंने महिलाओं के द्वारा तैयार किए जा रहे उत्पाद की सामग्री को विक्रय करने के लिए अपनाई जा रही प्रक्रियाओं के बारे में जानकारी ली और महिलाओं को प्रोत्साहित किया। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी, जोन आयुक्त मनीष गायकवाड, सुलोचना धनकर एवं रेखा बघेल आदि मौजूद रहे।

# विधायक देवेन्द्र यादव ने देवांगन समाज को दी बड़ी सौगात, जल्द बनेगा समाज का भवन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** जय मां परमेश्वरी राजीव नगर इकाई देवांगन समाज को भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने एक बड़ी सौगात दी है। वार्ड 42 गौतम नगर नई पानी टंकी के पास खाली मैदान में देवांगन समाज का भवन का निर्माण किया जाएगा। जिसका आज भूमिपूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि विधायक देवेंद्र यादव रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के अध्यक्ष तेजराम देवांगन ने किया। विशेष अतिथि के रूप में ब्लॉक अध्यक्ष तुलसी पटेल,जिला माह मंत्री डी काम राजू, पार्षद सरिता बघेल,जोन अध्यक्ष भूपेंद्र यादव उपस्थित रहे।



5 लाख की लागत से होने वाले सामाजिक भवन के निर्माण कार्य की आज नींव रखी गई। नगर विधायक देवेंद्र यादव के आतिथ्य में समाज द्वारा भूमि पूजन कार्यक्रम का भव्य आयोजन विधि विधान से किया गया। समाज के अध्यक्ष व पदाधिकारी विधायक देवेंद्र यादव के साथ मिलकर भूमि पूजन किए और नए भवन निर्माण की सभी ने मिलकर नींव रखी। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि देवेंद्र यादव का समाज के पदाधिकारियों ने पटाखे फोड़ कर और पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष तुलसी पटेल ने कहा विधायक के पहल से देवांगन समाज सहित सभी समाज के भवन बनाने के साथ ही हर विकास कार्य करवाये है। लगातर विकास हो रहे है। ज़ोन अध्यक्ष भूपेन्द्र यादव ने कहा कि विधायक देवेंद्र यादव बहुत सरल है और बड़ी ही आसानी से मिल जाते है। भिलाई का लगातार विकास कार्य कर रहे है। एमआईसी मेंबर रीता सिंह गेरा ने कहा कि विधायक देवेंद्र यादव पहले ऐसे विधायक है जो लगातार विकास कार्य करवा रहे है।एक भी दिन वे खाली नहीं बैठे।

रोज सुबह उठ कर लोगों से मिलने तैयार बैठे रहते है। लोगों की समस्या का समाधान करते है। पहले विधायक तो लोगो से मिलते ही नहीं थे। विधायक श्री यादव ने समाज को संबोधित करते हुए कहा कि पहले जो सरकार में थे वे लोग जब भी समाज के भवन निर्माण की बात आती थी वे बहाना करते थे कि बीएसपी की जमीन है।

# मुख्य सड़क के किनारे से लगी जमीन पर हो रही थी अवैध प्लाटिंग, निगम ने की बड़ी कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** भिलाई क्षेत्र अंतर्गत मुख्य सड़क के किनारे कोहका भेलवा तालाब के पास नगर पालिक निगम भिलाई ने अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई की है। निगम आयुक्त लोकेश चंद्राकर एवं अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी के निर्देश पर तोड़फोड़ दस्ता की टीम ने एक जेसीबी और एक डंपर के माध्यम से मौके पर 3 ट्रिप मुरूम को जप्त किया तथा मार्ग संरचना को ध्वस्त किया। शिकायत प्राप्त हुई थी कि भेलवा तालाब के पास खसरा नंबर 66 की भूमि पर अवैध रूप से प्लाटिंग किया जा रहा है लगभग 3 एकड़ क्षेत्रफल में अवैध प्लाटिंग



की शिकायतें निगम को मिली थी। निगम की टीम ने मौके का निरीक्षण किया और शिकायत सही पाए जाने पर कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान भवन अनुज्ञा विभाग के उप अभियंता सिद्धार्थ साहू, सहायक राजस्व अधिकारी परमेश्वर चंद्राकर आदि मौके पर मौजूद थे। मौके पर अवैध निर्माणाधीन बिल्डिंग स्ट्रक्चर को भी निगम ने तोड़ दिया। भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख ने जानकारी देते हुए बताया कि अवैध प्लाटिंग करने वाले डब्ल्यू एम वैद्य को निगम ने नोटिस जारी किया है। निगम ने नोटिस में लिखा है कि अवैध प्लाटिंग के संबंध में जवाब देवें, संतुष्टि पूर्वक जवाब नहीं देने की दशा में क्यों न कड़ी कार्रवाई की जाय। नोटिस में यह भी उल्लेख किया गया है कि अवैध प्लाटिंग पर कम से कम 3 वर्ष और अधिक से अधिक 7 वर्ष का कारावास से तथा न्यूनतम 1 लाख के जुर्माने से दंडित किए जाने का प्रावधान है। इधर निगम ने रजिस्ट्रार कार्यालय को भी उचित कार्यवाही करने के लिए पत्र प्रेषित किया है। गौरतलब है कि निगम आयुक्त ने अवैध प्लाटिंग करने वालों के खिलाफ सख्ती दिखाना प्रारंभ कर दिया है, अवैध प्लाटिंग, अवैध निर्माण, अवैध कब्जा पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी।

# एस आर हॉस्पिटल में एक वर्ष के बच्चे की कटी जीभ का किया सफलता पूर्वक इलाज

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** खमतराई खैरागढ़ निवासी बृजलाल वर्मा के 1 साल का पुत्र मिथिलेश वर्मा रात को 1:30 बजे सोई हुई अवस्था में बिस्तर से जमीन पर गिर गया । बच्चा बिस्तर से गिरा तब माता-पिता सो रहे थे द्य जब बच्चा तेजी से रोने लगा आवाज सुनकर माता माता पिता जाग गए देखा तो बच्चे का मुंह खून से लथपथ हो गया था द्य आनन फानन मे बच्चे को लेकर खैरागढ़ के सरकारी अस्पताल गए ।

खैरागढ़ सरकारी अस्पताल के डॉक्टरो ने जाँच में पाया कि बच्चे की जीभ का आगे का हिस्सा कटकर लटक गया था द्य जीभ से लगातार रक्त स्राव हो रहा था द्य प्राथमिक उपचार कर डॉक्टरों ने बेहतर ईलाज के लिए बच्चे को हायर सेंटर रेफर किया । गंभीर रुप से घायल बच्चे को लेकर माता पिता राजनादगांव पहुंचे द्य कई हॉस्पिटल ईलाज के लिए गए किंतु प्लास्टिक सर्जन एवं



एक्सपर्ट एनेस्थेटीसट नही होने के कारण बच्चे को ईलाज के लिए दुर्ग रेफर कर दिए ।

अंत मे एस.आर.हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर चिखली घमघा रोड दुर्ग पहुंचे द्य अस्पताल के बर्न एंड प्लास्टिक सर्जन डॉ विश्वामित्र दयाल ने तत्काल बच्चे का परीक्षण किया पाया कि बच्चे की जीभ का अगला हिस्सा कटकर लटक लटक गया है जहाँ से लगातार खून बह रहा था द्य तत्काल ऑपरेशन करने की सलाह दी परीजनो की सहमती के बाद तत्काल मांड्युलर आपरेशन थियेटर में बच्चे को लेकर एनेस्थेटिस्ट डॉ पवन देशमुख के सहयोग से चंद मिनटो मे ऑपरेशन प्रारंभ कर रक्त स्राव को रोका गया एवं जीभ के कटे हिस्से को सफलता पूर्वक जोड दिया गया। डॉ दयाल ने बताया कि तत्काल ऑपरेशन नहीं किया जाता तो अत्यधिक रक्त स्राव होने से बच्चे की जान को खतरा हो सकता था द्य कटी जीभ काला पड़ने से जीभ छोटा हो जाता जिससे बच्चे को स्थायी विकृति हो सकती थी । डॉ पवन देशमुख एनेस्थेटीटस ने जानकारी दी की एक वर्ष के बच्चे को बेहोश करना चुनौती पूर्ण कार्य था।ऑपरेशन जटिल था क्योंकि जहां जीभ का आपरेशन कर जोड़ा जाना था वहां से निरंतर रक्त स्राव हो रहा था द्य किंतु अस्पताल के डॉक्टरो एवं ऑपरेशन थयेटर की अनुभवी टीम ने अत्यंत सूझ-बुझ से जटील ऑपरेशन सफलतापूर्वक कर बच्चे की जान बचाई । बच्चे के पिता श्री बृजलाल वर्मा ने बताया कि हम कई हॉस्पिटल बच्चे के ईलाज के लिए भटके किंतु रात के समय डॉ उपलब्ध नहीं मिला।

किन्तु एस.आर. हॉस्पिटल ही एक मात्र ऐसा अस्पताल जहां तत्काल प्लास्टिक सर्जन और बेहोशी के डॉ उपलब्ध थे। परिजनों ने एस.आर. हॉस्पिटल का धन्यवाद करते हुए कहाँ कि एस.आर. हॉस्पिटल के डॉक्टरों एवं नर्सों की टीम ने मेरे बच्चे को नया जीवन दिया है । अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ एस.पी. केसरवानी ने जानकारी दी कि हमारे यहां अस्पताल में 24×7 घंटे डॉक्टरों की सेवाएं उपलब्ध है।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग.) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950